www.epaper.azadsipahi.com

* ओड़िशा संस्करण

30 अक्टूबर, 2022

कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी

संवत 2079

पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची

रविवार, वर्ष 08, अंक 12

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
■ VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
■ Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel | Subscribe NOW | No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,500 रु./10 ग्राम
चांदी 59,500 रु./प्रति किलो

बेमतलब है करेंसी नोट पर फोटो की सियासत

आजादी के बाद से कई बार भारतीय करेंसी नोट में बदलाव हुए

आजाद सिपाही विशेष

मुद्रा या करेंसी किसी भी देश की संप्रभुता और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक पहचान की प्रतीक होती है और इसमें मामूली सा बदलाव भी दुनिया भर में उस देश की साख को किसी न किसी रूप में प्रभावित करता है। इसलिए कोई भी देश अपनी करेंसी में किसी प्रकार का बदलाव करते वक्त तमाम जरूरतों और बारीकियों को ध्यान में रखता है। इधर पिछले कुछ दिनों से भारत में करेंसी नोट में बदलाव को लेकर बातें होने लगी हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नोट पर लक्ष्मी-गणेश की तस्वीर लगाने की मांग कर जो सियासी चाल चली है, उसका सकारात्मक असर हो या नहीं, लेकिन देश के लोग इस मांग को बेमतलब मान रहे हैं। भारतीय करेंसी नोट का वर्तमान स्वरूप दुनिया भर में अनूठा है और इसमें बदलाव की कोई भी कोशिश केवल असमंजस की स्थिति ही पैदा करेगी। लेकिन केजरीवाल की मांग की पृष्ठभूमि में यह जानना दिलचस्प है कि नोट पर गांधी जी की फोटो कब आयी और आजादी से 2022 तक भारतीय रुपये में कब-कब कौन से बदलाव हुए। यह सही है कि केजरीवाल की मांग पूरी तरह सियासी है और उनकी निगाह हिमाचल प्रदेश और गुजरात में होनेवाले विधानसभा चुनावों पर है, लेकिन लोगों को यह जानकारी नहीं है कि भारतीय नोट के स्वरूप में कब क्या बदलाव हुए। इतना ही नहीं, सवाल यह भी है कि इतिहास में धार्मिक चित्र यदि मुद्रा में प्रिंट किये गये थे, तो वे चित्र कौन थे? करीब दो सौ साल तक अंग्रेजों के अधीन रहे भारत में करेंसी नोट शुरुआत में कैसे थे, यह जानना भी दिलचस्प है। भारतीय करेंसी नोट के इन बदलावों से जुड़ी जानकारियों को विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राहुल सिंह।**

राहुल सिंह

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र से मांग की है कि भारतीय नोट पर देवी-देवताओं, गणेश और लक्ष्मी की तस्वीर लगायी जाये। इसके जवाब में सत्तारूढ़ भाजपा ने केजरीवाल को हिंदू विरोधी और इसके साथ ही कट्टर हिंदू बताया। वहीं करेंसी में देवी-देवताओं की फोटो की मांग को लेकर सवाल उठाते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने पूछा कि गांधी के साथ डॉ अंबेडकर की तस्वीरें क्यों नहीं चुन सकते? इन बयानों-प्रतिक्रियाओं से पता चलता है कि आगामी गुजरात चुनाव को देखते हुए भारतीय मुद्रा में हिंदू देवी-देवताओं को शामिल करने का यह एक सियासी नजरिया है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि साल दर साल आखिर भारतीय नोट में कैसे बदलाव आया है।

15 अगस्त, 1947 की मध्य रात औपनिवेशिक ब्रिटिश शासन से भारत को आजादी मिली। चूंकि उस समय भारत की मुद्रा ब्रिटिश पाउंड से जुड़ी हुई थी, इसलिए तब भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के बराबर था। उस समय भारत के पास एक साफ-सुथरी बैलेंस शीट भी थी, जिसमें किसी प्रकार की विदेशी उधारी नहीं थी। भारतीय रिजर्व बैंक के शब्दों में, औपनिवेशिक व्यवस्था से आजाद भारत में करेंसी मैनेजमेंट का अंतरण काफी सहज तरीके से हुआ था।

आजादी के बाद एक नये करेंसी नोट की जरूरत महसूस की जा रही थी, क्योंकि तब की मौजूदा नोटों में ब्रिटेन के शासक किंग जॉर्ज षष्ठम की तस्वीर थी। ऐसा डिफॉल्ट रूप से था, क्योंकि भारत एक ब्रिटिश उपनिवेश था, इसलिए जॉर्ज षष्ठम भारत के भी सम्राट थे। इसलिए आजादी के बाद से लेकर भारत के गणराज्य बनने (1950) के बीच की अवधि में रिजर्व बैंक द्वारा जॉर्ज षष्ठम की तस्वीर वाली तत्कालीन नोटों को लगातार जारी किया जाता रहा। भारत के गणतंत्र बनने से एक साल पहले, यानी 1949 में भारत सरकार ने एक रुपये के नोट के लिए नयी डिजाइन जारी की। इस नयी डिजाइन के पीछे दलील यह दी गयी कि जहां एक ओर जॉर्ज की तस्वीर को बदलने की जरूरत पर समान रूप से एक सुर में सहमति व्यक्त की गयी थी, वहीं दूसरी ओर इस बात पर असहमति थी कि जॉर्ज के स्थान पर किसकी तस्वीर का चयन किया जाये। हालांकि प्रारंभिक तौर पर जो सुझाव प्राप्त हुए थे, उसमें यह कहा गया था कि जॉर्ज की फोटो

के स्थान पर गांधीजी की फोटो का इस्तेमाल किया जाये, लेकिन अंततः रिजर्व बैंक जॉर्ज के स्थान पर सारनाथ के अशोक स्तंभ की एक तस्वीर लगाने के निर्णय पर पहुंचा। भारतीय रुपये के नोटों की डिजाइन में क्रमिक रूप से कैसे बदलाव हुआ, यह जानना भी बेहद दिलचस्प है। यह बात सभी जानते हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 22 के तहत भारत में बैंक नोट जारी करने के लिए अधिकृत एकमात्र निकाय रिजर्व बैंक है। इसके अलावा, अधिनियम की धारा 25 में यह भी कहा गया है कि बैंक नोटों की डिजाइन, रूप और सामग्री को मंजूरी देने से पहले पहले केंद्र सरकार को रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड से अनुमोदन लेना होगा।

1950 में भारतीय गणराज्य ने विभिन्न रंग और डिजाइन में दो,पांच,10 और एक सौ रुपये मूल्य वर्ग का अपना पहला बैंक नोट जारी किया। मूल्य वर्ग की जो 1950 सीरीज जारी की गयी थी, उसमें नोट के पीछे हिरण, हाथी, बाघ, चिंकारे और अन्य स्थानीय जीवों की तस्वीरें शामिल थीं। 1953 में करेंसी नोटों पर हिंदी भाषा को प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्णय लिया गया, तो वहीं रिजर्व बैंक ने इस सुझाव को माना था कि रुपया का बहुवचन रुपये हो। 1954 में रिजर्व बैंक ने एक हजार रुपये, पांच हजार रुपये और 10 हजार रुपये के उच्च मूल्य के नोट जारी किये, जिसमें क्रमशः तंजौर मंदिर, गेटवे ऑफ इंडिया और सारनाथ के अशोक स्तंभ जैसी प्रमुख जगहों की तस्वीरें थीं।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भारतीय करेंसी नोट पर गांधी जी की तस्वीर कब और कैसे आयी। दरअसल 1969 में रिजर्व बैंक ने गांधीजी की एक सौवीं जयंती के सम्मान में उनकी स्मृति में एक यादगार डिजाइन सीरीज जारी की थी, जिसमें गांधीजी को महाराष्ट्र के सेवाग्राम आश्रम के सामने बैठे हुए दिखाया गया था। यहीं से करेंसी नोट पर गांधी जी की फोटो छपने लगी। 1980 में भारतीय करेंसी नोट में बदलाव हुआ। इसके तहत नोट की डिजाइन में देश की वैज्ञानिक उपलब्धियों और प्रगति को शामिल किया गया। करेंसी नोट में भारत के पहले उपग्रह आर्यभट्ट के प्रतीक और सागर सम्राट ऑयल रिग (1974 में अपतटीय ड्रिल करने वाला पहला भारतीय तेल रिग था) की तस्वीर शामिल थी। 1980 की करेंसी नोटों की सीरीज में हीराकुंड बांध और कृषि यंत्रीकरण की प्रगति की तस्वीर भी शामिल थी। फिर कोणार्क चक्र, शालीमार गार्डन, मोर जैसे और अधिक भारतीय प्रतीकों को शामिल करते हुए छोटे मूल्य वर्ग के नोटों में भी बदलाव किया गया था। इसके बाद 1987 में पांच सौ रुपये का नोट प्रस्तुत किया गया था। यह गांधीजी की तस्वीर वाली पहली आधिकारिक करेंसी बन गयी, जिसमें बार-बार गांधीजी की तस्वीर इस्तेमाल की जाने लगी।1996 में गांधी की तस्वीर वाली करेंसी नोटों की आधिकारिक सीरीज जारी की गयी थी। इस नोट में एक नया वाटर मार्क, नेत्रहीनों के लिए इंटैग्लियो फीचर, सुरक्षा धागे और एक छिपी हुई तस्वीर सहित पहले से कई बेहतर सिक्योरिटी फीचर थे। इसके चार साल बाद अक्टूबर और नवंबर 2000 में रिजर्व बैंक ने एक हजार और पांच सौ रुपये के नोट अपग्रेडेड सिक्योरिटी फीचर और गांधीजी की तस्वीर के साथ जारी किये। गांधीजी की सीरीज वाली नोटों के पिछले हिस्से में हिमालय, संसद, कृषि यंत्रीकरण के साथ-साथ हाथी और बाघ जैसे जानवरों की तस्वीरें भी शामिल की गयी थीं। 2005 में इन नोटों के सिक्योरिटी फीचर को अपग्रेड किया गया, जिसके तहत वाइड कलर शिफ्टिंग मशीन-रीडेबल मैग्नेटिक विंडोड सिक्योरिटी थ्रेड्स और अलग-अलग नोटों को अलग पहचान देने के लिए संख्यात्मक बैक-टू-बैक रजिस्ट्रेशन शामिल था। फिर 2011 में यह निर्णय लिया गया था कि भविष्य में जो नोट शुरू किये जायेंगे, उन सभी करेंसी नोटों में रुपये के सिंबल को जोड़ा जायेगा। 2015 में सरकार ने एक रुपये के नोट को फिर से शुरू किया था। लेकिन नवंबर 2016 में भारत को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा आर्थिक सुधार तब लागू किया गया, जब पांच सौ और एक हजार रुपये के नोटों को बंद कर दिया गया था और लीगल टेंडर के रूप में उन नोटों के स्टेटस को रद्द कर दिया गया था। इसके तुरंत बाद सरकार ने दो हजार और दो सौ रुपये के नोट भी पेश किये थे। ये नोट भी गांधीजी की सीरीज वाले नोट थे। इस तरह भारतीय करेंसी नोटों के स्वरूप में कई बार बदलाव किया गया, लेकिन केजरीवाल की मांग के पीछे शुद्ध सियासत है। इसलिए कहा जा सकता है कि करेंसी नोट पर सियासत देशहित में नहीं है, क्योंकि किसी भी देश की मुद्रा उसकी अंतरराष्ट्रीय पहचान होती है। भारतीय करेंसी नोट इस समय दुनिया भर में अपने विशिष्ट स्वरूप के लिए चर्चित हैं। इसलिए इनमें किसी बदलाव की फिलहाल तो जरूरत नहीं है।

मनी लांड्रिंग और अवैध खनन मामले में इडी कोर्ट से किसी को नहीं मिली राहत

■ अमित अग्रवाल और राजीव कुमार की हिरासत अवधि 11 नवंबर तक बढ़ी

■ पूजा सिंघल, सुमन कुमार और रामविनोद सिन्हा की अगली पेशी 2 नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। इडी कोर्ट में मनी लांड्रिंग और अवैध खनन के मामलों में आरोपियों की सुनवाई हुई। इनमें किसी को कोई राहत नहीं मिली। सभी आरोपियों की हिरासत अवधि बढ़ा दी गयी। मनी लॉंड्रिंग मामले में शनिवार को आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल, अमित अग्रवाल, राजीव कुमार, सुमन कुमार और रामविनोद सिन्हा की हिरासत अवधि बढ़ा दी गयी। बता दें कि अधिवक्ता राजीव कुमार और व्यवसायी अमित अग्रवाल की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इडी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन दोनों की अगली पेशी की तिथि 11 नवंबर निर्धारित की। वहीं, निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को भी शनिवार को इडी कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। उनके साथ जेल में बंद सीए सुमन कुमार एवं बर्खास्त जूनियर इंजीनियर राम बिनोद प्रसाद सिन्हा को भी पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत अवधि 2 नवंबर तक बढ़ा दी है। तीनों की अगली पेशी अब अदालत में 2 नवंबर को होगी।

प्रेम प्रकाश की बेल पर फैसला सुरक्षित, पंकज मिश्रा और बच्चू की जमानत पर 9 को होगी सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। इडी कोर्ट में प्रेम प्रकाश से जुड़े मामले में सुनवाई पूरी हो गयी और फैसला सुरक्षित रख लिया गया। वहीं पंकज मिश्रा और बच्चू यादव मामले में भी सुनवाई हुई। इस मामले में इडी ने कोर्ट से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। इसमें कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 9 नवंबर निर्धारित की है। बता दें कि इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा पर 4 जून को केस दर्ज किया था। उस पर साहिबगंज जिला के बरहरवा थाना में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके तहत उसे अभियुक्त बनाया गया है.।इस मामले में इडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था। शंभु ने इडी को दिये अपने बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का भी नाम लिया था। साहिबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था, जिसे इडी ने टेकओवर किया है।

रामेश्वर उरांव ने विधि व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा को लेकर चिंतन शिविर में रखा झारखंड का पक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गृह मंत्री अमित शाह की ओर से विधि-व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा को लेकर सूरजकुंड में बुलाये गये चिंतन शिविर में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। इस क्रम में उन्होंने विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष राज्य के लिए सहायता मांगी। राज्य सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान में तेजी लाने के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की एक बटालियन की मांग भी की है। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने चिंतन शिविर में कहा कि राज्य को विकसित करने और नक्सल मुक्त करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास कार्यों में विशेष जोर दिया है। डॉ उरांव ने कहा कि जनवरी 2020 से 31 मार्च 2022 के बीच 25 नये फॉरवर्ड कैंप स्थापित किये गये हैं। विकास गति को तेजी देने के लिए अप्रैल 2022 से अब तक 15 कोर एरिया में फारवर्ड कैंप बनाये गये हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार के तंत्र ने केंद्रीय एजेंसी से मिल कर उग्रवाद के ऑक्सीजन यानि फंडिंग को रोकने का काम किया है।

झारखंड सरकार की केंद्र से मांग

आइटी एक्ट के संशोधन के सुझाव पर केंद्र विचार करे।
साइबर क्राइम रोकने के लिए केंद्र सहायता करे।
बोकारो, गढ़वा, हजारीबाग, पलामू, रांची और सिमडेगा स्पेशल सेंट्रल एसिस्टेंस से बाहर हो गये हैं, इसे शामिल करें।
केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की राज्य में प्रतिनियुक्ति संबंधित बकाया प्रतिपूर्ति राशि को केंद्र माफ करे।
एसपीओ के चयन में स्थानीय लोगों को रखने के लिए केंद्र नियम शिथिल करे।
केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की एक और बटालियन केंद्र उपलब्ध कराये।
निर्भया फंड का 61.30 करोड़ केंद्र सरकार दे।
एसआइएस की फोर्टिफाइड पुलिस थाना योजना के तहत और अधिक पुलिस थाना को शामिल किये जाने की आवश्यकता है।
केंद्र नक्सल के खिलाफ चलने वाले प्रभावी अभियान के लिए ऑप्स मेंडल की शुरुआत करे।

युवक की पीट-पीट कर हत्या, शव खेत में फेंका

आजाद सिपाही संवाददाता

काठीकुंड (दुमका)। काठीकुंड के दुबईडीह गांव में शुक्रवार की रात हरिपुर गांव निवासी 32 वर्षीय आंद्रियास हेम्ब्रम की पीट-पीट कर हत्या के बाद शव को खेत में फेंके जाने का मामला प्रकाश में आया है। शनिवार की सुबह स्वजनों की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को स्वजनों को सौंप दिया। मृतक की मां पोलिना मुर्मू के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

मां ने बताया कि आंद्रियास प्रतिदिन काम निपटा कर अकसरहां शाम को घूमने के लिए दुबईडीह जाता था। वह शराब का सेवन करता था। हालांकि, घूमने फिरने के बाद घर वापस आ जाता था। शुक्रवार की शाम को भी वह साइकिल से घूमने दुबईडीह की तरफ गया था हुआ था, लेकिन देर रात होने के बाद भी वह वापस घर नहीं लौटा। उसके नहीं लौटने पर खोजबीन की गयी, लेकिन कहीं उसका पता नहीं चल पाया। शनिवार की सुबह किसी ने घर पहुंच कर जानकारी दी कि आंद्रियास का शव खेत में पड़ा हुआ है। जाकर देखा तो शव सचमुच में पड़ा हुआ था। बाद में मामले की जानकारी काठीकुंड थाना प्रभारी श्यामल मंडल को दी गयी। इधर इसकी सूचना पाकर पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंची और छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लिया। मां का कहना है कि बेटे की किसी से दुश्मनी नहीं थी। वह किसके साथ आता जाता था, इसके बारे में कुछ पता नहीं है। किसी ने बेटे की हत्या कर शव को सड़क से दूर खेत में फेंक दिया।

काठीकुंड थाना प्रभारी श्यामल मंडल का कहना है कि मृतक की मां के बयान पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जिस स्थान पर शव मिला है, वहां पर ही मारपीट की गयी है। शरीर पर चोट के निशान हैं। हत्यारों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

व्यवसायी को गोली मारनेवाले तीन अपराधी गिरफ्तार

पहले पैसा डबल करने का लालच दिया था, फिर लूटने का प्लान बनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रुपये छिनने के क्रम में मेन रोड में अपराधियों ने दिनदहाड़े व्यवसायी सौरभ साबू को गोली मार दी थी। रांची पुलिस ने घटना में शामिल तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में चंदन दास, अमन कुमार और अब्दुल नबी सैयद शामिल है। सभी अपराधियों को बंगाल और रांची से गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में उपयोग की गयी बाइक समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। सभी अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अमन कुमार उर्फ गुड्डू ने पूछताछ में बताया कि उनकी जान पहचान डेली मार्केट स्थित मंगलम प्लाइवुड दुकान के मालिक संजय चौधरी से करीब एक-डेढ़ साल पहले से थी। अमन कुमार उर्फ गुड्डु के द्वारा संजय चौधरी को पैसा दोगुना करने का प्लान बताया। संजय चौधरी ने उसकी बातों पर विश्वास कर लिया। अमन कुमार उर्फ गुड्डू ने घटना के दिन नगद 15 लाख रुपया संजय चौधरी को लाने के लिए बोला और इसके बदले उसके खाता में आधा घंटा के अंदर आरटीजीएस के माध्यम से डबल पैसा भेजने की बात तय हुई। बात तय होने के बाद अमन कुमार उर्फ गुड्डू ने अपने कुछ दोस्तों के साथ उस पैसा को लूटने का प्लान बनाया।

पैसा लूट नहीं पाये, तो गोली मार कर भाग गये

21 अक्टूबर को 11.30 बजे सुबह में सौरभ साबू एक बैग में 13 लाख रुपया लेकर विष्णु गली स्थित मंगलम प्लाईवुड दुकान आये। उस समय दुकान में विष्णु चौधरी मौजूद थे। जैसे ही सौरभ साबू बैग लेकर दुकान के अंदर घुसा तो रेकी कर रहे अपराधियों ने इसकी सूचना अपने अन्य दोस्तों को दी। सूचना मिलते ही अमन कुमार उर्फ गुड्डू, अब्दुल नबी सैयद एवं अन्य अपराधी दुकान के अंदर घुसे और पैसे के बारे में पूछताछ करने लगे।

विष्णु चौधरी एवं सौरभ साबू ने बैग में रखे 13 लाख रुपये उक्त तीनों को दिखाये और वादे के अनुसार डबल पैसा उनके खाते में आरटीजीएस के माध्यम से भेजने को बोला। उसी वक्त पीछे से अन्य अपराधकर्मी भी उसी दुकान में आ गये। उसके प्रवेश करते ही अपराधी विष्णु चौधरी और सौरभ साबू से पैसों भरा बैग मांगने लगे। नहीं देने पर गोली मारने की धमकी देते हुए रुपया भरा बैग छिनने लगे। विष्णु एवं सौरभ के विरोध करने पर अपराधियों ने अपने पास रखे पिस्टल से फायरिंग कर दी। इसी क्रम में सौरभ के बायें हाथ में गोली लगी, लेकिन अपराधी रुपया वाला बैग लेकर भाग नहीं पाये। हल्ला होने पर अपराधी बाइक से बड़ा तालाब की ओर भाग गये।

www.epaper.azadsipahi.com
30 अक्टूबर, 2022
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही
रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 12

सीएम की अध्यक्षता में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की समीक्षा बैठक

22 जिलों के 226 प्रखंड सूखाग्रस्त घोषित

लगभग 1200 करोड़ रुपये खर्च करेगी राज्य सरकार : हेमंत सोरेन

- प्रति किसान परिवार को तत्काल 3500 रुपये की सूखा राहत राशि उपलब्ध करायी जायेगी
- राज्य के 30 लाख से अधिक प्रभावित किसान परिवार को लाभ मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार की समीक्षा बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में अधिकारियों के साथ राज्य में सुखाड़ को लेकर कृषि विभाग द्वारा तैयार किये गये सूखे के आकलन प्रतिवेदन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित करने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग द्वारा तैयार सूखे के आकलन प्रतिवेदन पर गंभीरता से विचार करते हुए राज्य के चिन्हित 22 जिलों (पूर्वी सिंहभूम एवं सिमडेगा छोड़कर) के 226 प्रखंडों के प्रभावित किसान परिवारों को बड़ी राहत देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूखे की स्थिति को देखते हुए 22 जिलों के 226 प्रखंडों के प्रति किसान परिवार को तत्काल सूखा राहत हेतु 3500 रुपये राशि दी जायेगी। इन 226 प्रखंडों के सभी प्रभावित किसान परिवारों को यह राशि शीघ्र ही उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि विभाग द्वारा सुखाड़ के आकलन प्रतिवेदन के अनुसार राज्य में 22 जिलों के 226 प्रखंड सूखे की चपेट में हैं। ऐसे में राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि प्रभावित किसान परिवारों को तत्काल सूखा राहत राशि उपलब्ध करायी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के लगभग 30 लाख से अधिक किसान परिवार सूखे की चपेट में हैं, जिन्हें इसका लाभ मिल सकेगा। सूखा राहत राशि उपलब्ध कराने में राज्य सरकार लगभग 12 सौ करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द राज्य में सूखे की स्थिति के आकलन के आधार पर समेकित प्रतिवेदन तैयार करें। इसके बाद केंद्र सरकार को अनुशंसा भेजते हुए सूखा राहत राशि की मांग की जायेगी।

बैठक में ये रहे उपस्थित : बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता, मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कृषि मंत्री बादल, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग हिमानी पांडे, सचिव आपदा प्रबंधन विभाग अमिताभ कौशल, सचिव कृषि विभाग अबू बकर सिद्दीक, सचिव जल संसाधन विभाग प्रशांत कुमार, सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के रवि कुमार, कृषि निदेशक निशा उरांव, निदेशक समाज कल्याण विभाग छवि रंजन सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

झारखंड के ये प्रखंड हैं सूखा प्रभावित

बोकारो जिला : जरीडीह, कसमार, पेटरवार, गोमिया, बेरमो, नावाडीह। **चतरा जिला :** कान्हाचट्टी, सिमरिया, टंडवा, इटखोरी, मयूरहंड, सरवां। **देवघर जिला :** सारठ, कैरों, देवघर, मोहनपुर, सोनारायठाड़ी, मधुपुर, पालाजोरी, मारगोमुंडा, देवीपुर। **धनबाद जिला :** गोविंदपुर, टुंडी, तोपचांची, धनबाद, बलियापुर, निरसा, कालियासोल, एग्यारकुंड, पूर्वी टुंडी, बाघमारा। **दुमका जिला :** जरमुंडी, दुमका, जामा, मसलिया, रणेश्वर, शिकारीपाड़ा, सरैयाहाट, रामगढ़, काठीकुंड, गोपीकांदर। **गढ़वा जिला :** मेराल, डंडई, रमना, विशुनपुरा, भवनाथपुर, चिनियां, मझिआंव, सगमा, गढ़वा, डंडा, रंका, कंडी, धुरकी, बड़घर, नगर उंटारी, रामकंडा, बरडीहा, केतार, खरौंधी, भंडरिया। **गिरिडीह जिला :** गांडेय, बेंगाबाद, जमुआ, धनवार, बगोदर, सरिया, डुमरी, पीरटांड़, गिरिडीह, बिरनी, तिसरी, देवरी, गावां। **गोड्डा जिला :** गोड्डा, पथरगामा, बसंतराय, महागामा, मेहरमा, बोवारीजोर, सुंदरपहाड़ी, पोड़ैयाहाट, ठाकुरगांगटी। **गुमला जिला :** गुमला, पालकोट, चैनपुर, डुमरी, जारी, कामडरा, सिसई, भरनो, बिशुनपुर, घाघरा, रायडीह। **हजारीबाग जिला :** डाड़ी, बड़कागांव, केरेडारी, हजारीबाग, चूरचु, दारू, इचाक, टाटीझरिया, कटकमसांडी, बरही, चौपारण, बरकट्ठा, चलकुसा, पदमा, बिशुनगढ़। **जामताड़ा जिला :** नारायणपुर, करमाटांड़, जामताड़ा, नाला, कुंडहित, फतेहपुर। **खूंटी जिला :** खूंटी, मुरहू, अड़की, कर्रा, तोरपा, रनिया। **कोडरमा जिला :** कोडरमा, जयनगर, मरकच्चो, डोमचांच, सतगांवा। **लातेहार जिला :** महुआडांड़, गारू, हेरगंज, बरियातु, लातेहार, चंदवा, बालूमाथ, मनिका, बरवाडीह। **लोहरदगा जिला :** लोहरदगा, सेन्हा, भंडरा, कुडू, कैरो, किस्को, पेशरार। **पाकुड़ जिला :** पाकुड़िया, पाकुड़, हिरनपुर, लिट्टीपाड़ा, अमरापाड़ा, महेशपुर। **पलामू जिला :** मनातू, लेस्लीगंज, पांकी, मेदनीनगर, तरहसी, बिश्रामपुर, नवाबाजार, पांडू, पड़वा, हरिहरगंज, छतरपुर, नौडीहा बाजार, रामगढ़, चैनपुर, उंटारी रोड, पाटन, सतबरवा, हैदरनगर, हुसैनाबाद, मोहम्मदगंज, पिपरा। **रामगढ़ जिला :** दुलमी, चितरपुर, मांडू, पतरातू, गोला। **रांची जिला :** मांडर, बेड़ो, इटकी, ओरमांझी, नामकुम, अनगड़ा, सिल्ली, तमाड़, रातु, नगड़ी, बुड़मू, खलारी, लापुंग, बुंडू, चान्हो, सोनाहातू। **साहेबगंज जिला :** बरहरवा, साहेबगंज, बोरियो, मंडरो, बरहेट, पतना, राजमहल, उधवा, तालझारी। **सरायकेला-खरसावां जिला :** सरायकेला, खरसावां, कुचाई, चांडिल, ईचागढ़, कुकड़ू। **चाईबासा जिला:** राजनगर, गम्हरिया, झींकपानी, टोंटो, जगन्नाथपुर, नवामुंडी, मझगांव, कुमरडुंगी, मंझरी, तांतनगर, चक्रधरपुर, सोनुवा, गोइलकेला, मनोहरपुर, बंदगांव, हाटगम्हरिया, गुदड़ी, चाईबासा, खूंटपानी, आनंदपुर।

महापर्व छठ के मौके पर सज गये घाट

सांध्य अर्घ्य आज

रविवार को सूर्यास्त का समय : 05 बज कर 12 मिनट
सोमवार को सूर्योदय का समय : 05 बज कर 54 मिनट

- चारों तरफ छठ के गीतों की गूंज

आजाद सिपाही टीम

रांची। चार दिवसीय छठ महापर्व को लेकर झारखंड-बिहार समेत पूरे देश में आस्था और उत्साह का माहौल है। पूर्वांचल के इस महापर्व के दूसरे दिन शनिवार की शाम खरना पूजन का अनुष्ठान किया गया। व्रतियों ने दिनभर उपवास रह कर शाम को विधि-विधानपूर्वक खरना का प्रसाद (गुड़ की खीर और रोटी) बनाया और भोग लगाया। व्रतियों ने छठी मइया का ध्यान कर पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ कर दिया। परिजनों और अन्य लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। देर शाम तक प्रसाद पाने के लिए लोग अपने सगे-संबंधियों और मित्रों के घर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया। चारों तरफ छठ के गीत गूंज रहे हैं। राज्य भर के छठ घाटों की साफ-सफाई की गयी है और वहां तक जानेवाले रास्तों को साफ-सुथरा कर आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रांची जिले में करीब 225 छठ घाटों पर बैरिकेडिंग और सुरक्षा के बंदोबस्त किये गये हैं। प्रमुख घाटों पर व्रतियों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था भी की गयी है। पूरे राज्य में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। छठ घाटों पर एसडीआरएफ की टीम के साथ स्थानीय युवाओं को भी तैनात किया गया है। पूरे राज्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के निर्देश दिये गये हैं। शनिवार को जिलों के डीसी, एसपी और अन्य अधिकारियों ने छठ घाटों का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिये। रविवार की शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा और सोमवार को उगते सूर्य को अर्पित कर होगा।

शुभकामनाएं

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतकों समेत तमाम झारखंड वासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

अवकाश की सूचना

छठ महापर्व के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 30 अक्टूबर 2022 को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 01 नवंबर 2022 को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक



राजधानी के छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

एनडीआरएफ के जवान भी तैनात किये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बड़े छठ घाटों पर जिला प्रशासन की टीम के साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवान भी तैनात किये गये हैं। एनडीआरएफ के साथ राज्य आपदा मोचन बल के प्रशिक्षु जवानों को भी लगाया गया है, ताकि किसी भी विषम परिस्थिति में तुरंत रेस्क्यू चलाया जा सके। प्रमुख डैम, नदी व तालाब जहां अत्याधिक भीड़ जुटने की संभावना बनी रहती है, वहां विशेष सुरक्षा के इंतजाम होंगे। छठ पूजा समितियों के साथ मिल कर जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ ने खतरनाक घाटों पर बैरियर लगा दिया है, ताकि उससे आगे कोई नहीं जा सके। छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जवान एवं अधिकारी छठ पूजा तक मौके पर मौजूद रहेंगे। संबंधित जिलों से भी छठ व्रतियों व उनके स्वजनों के लिए विशेष सतर्कता बरतने संबंधित एक अपील जारी की गयी है। जलाशयों में सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन और सामाजिक संगठनों द्वारा आवश्यक इंतजाम किये गये हैं।

सांसद महुआ माजी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर रांची नगर निगम की टीम के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने शनिवार को चड़री तालाब, जेल तालाब, करमटोली तालाब, दिनकर छठ पूजा घाट, पश्चिमी कांके डैम सहित शहर के विभिन्न तालाबों का दौरा किया। झाड़ू लगा कर छठ घाटों की सफाई की। महुआ माजी ने रांची नगर निगम के पदाधिकारियों को तालाब की साफ-सफाई सहित सुरक्षा के लिए तालाब में बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया। इस दौरान राज्यसभा सांसद महुआ माजी के नेतृत्व में जय सिंह यादव, नंद किशोर सिंह चंदेल, विनय सिंह, दीपक ओझा, विवेक सिंह, सूरजभान सिंह, कुमार बंटी, धीरज यादव उपस्थित थे।

लाइन टैंक रोड चडरी तालाब सज-धज कर तैयार : समिति

गंगा आरती व महाआरती में हिस्सा लेंगी 1001 महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लाइन टैंक रोड स्थित चडरी तालाब को खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। हजारों की संख्या में छठ व्रती और श्रद्धालु चडरी तालाब के छठ घाट पहुंचेंगे। घाट की साफ-सफाई से लेकर सुरक्षा आदि का पूरा ध्यान रखा गया है। गहरे पानी में कोई न उतरे इसके लिए घाट पर बैरिकेडिंग की गयी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से एनडीआरएफ के गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। पर्याप्त पुलिस बल और चडरी सरना समिति के वोलेंटियर (स्वयंसेवी) तैनात रहेंगे। आसपास के क्षेत्रों सहित तालाब पूरी तरह रौशनीनुमा रहेगा। यह जानकारी शनिवार को चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, जेके इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैंन और चडरी सरना समिति छठ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक जितेंद्र सिंह तथा चडरी सरना समिति छठ पूजा समिति के आयोजकों ने प्रेस वार्ता में दी। चडरी सरना समिति छठ पूजा समिति के अध्यक्ष सबलू मुंडा ने बताया कि छठ महापर्व प्रकृति के प्रति लोक आस्था का पर्व है। सरहुल, करमा और अब छठ महापर्व तथा रांची कोल जतरा का आयोजन इसी कड़ी के हिस्सा हैं।

200 से अधिक छोटे-बड़े कृत्रिम जलाशयों का निर्माण

रांची (आजाद सिपाही)। रांची महानगर छठ पूजा समिति की देखरेख में इस वर्ष राजधानी रांची में 200 से अधिक छोटे-बड़े कृत्रिम जलाशयों का निर्माण कराया जा रहा है। रांची महानगर छठ पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में छप्पन सेट मैदान परिसर में कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया गया है। रांची महानगर छठ पूजा समिति के संरक्षक रीतेश क्षेत्री ने कहा कि पूरे शहर में भक्ति भाव से छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, उन्होंने राजधानी वासियों को गोरखा समाज की ओर से सूयोर्पासना एवं छठ पूजा की बधाई दी है। हरमू में स्वर्गीय पीएन सिंह छठ पूजा सेवा समिति द्वारा हरमू में कृत्रिम तालाब का निर्माण कराया जाता है। समिति के गौतम दूबे गोपी, महेंद्र प्रसाद, मनोज सिंह, मनोज तिवारी, अभिषेक कुमार, शशिकांत, अजीत कुमार,विजय गुप्ता, विवेक सिंह, रोहित कुमार, सुशांत कुमार, मेंहुल दूबे लगातार छठ पूजा आयोजन में सक्रिय हैं।

बड़ा तालाब स्थित सूर्य मंदिर में आकर्षक सज्जा

रांची (आजाद सिपाही)। स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने छठ महापर्व 2022 की तैयारी की जानकारी दी। श्री मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्टूडेंट फेडरेशन बड़ा तालाब छठ पूजा समिति के द्वारा कोलकाता के कारीगरों के द्वारा आकर्षक पुष्प एवं विद्युत सज्जा करायी गयी है। श्री मिश्रा ने बताया कि समिति द्वारा विशेष तौर पर बड़ा तालाब एवं तालाब के आसपास साफ-सफाई करायी जा रही है। श्री मिश्रा ने बताया की बड़ा तालाब स्थित सूर्य मंदिर में आकर्षक पुष्प सज्जा करायी जा रही है।

छठव्रतियों के बीच छठ प्रसाद का वितरण

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े प्रसिद्ध समाजसेवी मनमोहन पांडे ने पिस्कामोड़ जतरा मैदान हनुमान मंदिर रोड पांडे निवास के निकट सैकड़ों छठव्रतियों के बीच छठ प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ रांची ग्रामीण डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह ने अपने कर कमलों से छठ व्रतियों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। इस मौके पर समाजसेवी नदकिशोर सिंह चंदेल, बैजू सोनी, अमृतेश पाठक, शिव किशोर शर्मा, अमित राज ठाकुर, कुमुद झा, पायल सोनी, सीमा मिश्रा, विजय पांडे, शशि पांडे, विद्या पांडे, मंजू पांडे, पुष्पा देवी, गणेश महतो, अरुण कुमार तिवारी, प्राशु कुमार माही तिवारी, अभिमन्यु कुमार यादव मौजूद थे। यह जानकारी समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने दी है।

सत्यनारायण सिंह की माता राजेश्वरी देवी का निधन

प्रदेश भाजपा ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य सह खूंटी जिला संगठन प्रभारी सत्यनारायण सिंह की माता राजेश्वरी देवी का निधन शनिवार को सुबह नौ बजे उनके हेसल स्थित आवास पर हो गया। उनके निधन की खबर सुन कर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने श्री सिंह के आवास पहुंच कर मृतात्मा के पार्थिव शरीर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्व. राजेश्वरी देवी एक धार्मिक महिला थीं एवं उनका निधन अत्यंत दुखद है। वहीं नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने भी भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह की माता स्व. राजेश्वरी देवी के निधन पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए गहरा दु:ख जताया है। स्व. राजेश्वरी देवी 78 वर्ष की थीं एवं अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनके निधन की खबर सुनकर प्रदेश भाजपा की ओर से अपनी संवेदना व्यक्त करने वालों में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा,बालमुकुंद सहाय , रांची विधायक सीपी सिंह, कांके विधायक समरीलाल, शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता, प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष किसलय तिवारी, मनोज मिश्रा, रमेश सिंह, राजू सिंह,नीरज सिंह, अशोक यादव, मुकेश सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, संतोष मिश्रा, नीलेश सिंह, विनोद सिंह, मदन सिंह, सुशील दूबे, योगश शास्वत, विरेंद्र प्रसाद, अरुण पांडेय, पंकज वर्मा, रवि सिंह, जितेंद्र पांडेय, विनय सिंह, बैजू सोनी, रामवृक्ष ठाकुर, सुधीर सिंह, मिथलेश केसरी, विरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, विवेक कुमार उपस्थित रहे।

झारखंड सीनियर फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप के 9 चक्रों का खेल समाप्त

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला युनिवर्सिटी के तत्वावधान में चल रहे 21वें झारखंड सीनियर फिडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप 2022 में 9 चक्रों का खेल समाप्त हुआ। इसमें पहले वोर्ड पर अपराजित होते हुए खेल रहे पु. सिंहभुम के प्रितम सिंह ने धनबाद के कृष्णा कुमार साव को काले मोहरों से पराजित कर 8.5 अंक बना कर प्रतियोगिता पर अपना कबजा जमाया। उन्हें 15 हजार रुपये नगद राशि एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। दूसरे बोर्ड पर खेल रहे रांची की अदिती राज ने बोकारो के अंकित कुमार सिंह को ड्रो पर रोका और तीसरे बोर्ड पर सौरव कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए धनबाद के राजा बोस को पराजित किया। चौथे स्थान पर प. सिंहभुम के मनीष शर्मा तथा पांचवे स्थान पर पु. सिंहभुम के भोला नाथ दास ने कब्जा जमाया। दूसरी ओर बेस्ट वेट्रन का खिताब रांची के कुमार अश्विनी, बेस्ट अनरेटेड का खिताब पु. सिंहभुम के रोहित ने जीता। वहीं सुनिधी सिंह, रिशु राज, सुयश पठेल, आदित्य सिंहा, लोकेश कुमार तथा दिपक लाल साहा विभिन्न रेटिंग कैटेगरी में विजेता घोषित किये गये। कुल 25 विजेता खिलाड़ियों को नगद राशी ईनाम स्वारूप प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सरला बिरला युनिवर्सिटी के वाइस चांस्लर डॉ गोपाल पाठक, विष्टि अतिथी के रूप में सरला बिरला स्कूल की प्राचार्या परमजीत कौर, ऑल झारखंड चेस एशोसिएशन के उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह एवं चीफ आर्बिटर दिपक कुमार मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त सचिव अजय कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापण विजय सिंह ने किया।

फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन संपन्न

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड, रांची द्वारा आयोजित फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन जिला खेल कार्यालय, गिरिडीह द्वारा किया गया । आयोजन में गिरिडीह कॉलेज के एनसीसी कैडेट, छात्र, सीसीएल डीएवी के एनसीसी कैडेट, छात्र, होली क्रॉस स्कूल के छात्र, जिला एथलेटिक्स, फुटबॉल, ताइक्वांडो, साइकिलिंग, कबड्डी, कराटे, रेसलिंग, बैडमिंटन, शूटिंग, क्रिकेट के साथ नेहरू युवा केंद्र के कुल 370 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षु आईएएस उत्कर्ष कुमार उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

सीआइपी ने टेंडर हार्ट स्कूल तुपुदाना के साथ किया एमओयू

रांची (आजाद सिपाही)। विश्व प्रथम प्रतिक्रिया दिवस के अवसर पर सीआइपी, रांची ने मानसिक स्वास्थ्य कल्याण क्लिनिक के लिए टेंडर हार्ट स्कूल, तुपुदाना, रांची के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया, जो झारखंड राज्य के लिए एक अनोखा प्रयास है। इसके लिए एमओयू पर प्रोफेसर बासुदेब दास, निदेशक सीआइपी, रांची और उषा किरण झा, प्रिंसिपल टेंडर हार्ट स्कूल, तुपुदाना, रांची ने स्कूल के निदेशक सुधीर कुमार तिवारी के उपस्थिति में हस्ताक्षर किये। सीआइपी से डॉ मधुमिता भट्टाचार्य और श्रीमती मिट्ठू द्वारा संयुक्त रूप से स्वस्थ दिमाग, स्वस्थ भविष्य पर एक सत्र का आयोजन किया गया। साथ ही साथ सीआइपी के प्रोफेसर निशांत गोयल और क्लिनिक के समन्वयक ने इस क्लिनिक के उपयोगिता के बारे में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किये और इस क्लिनिक के प्रसार प्रचार के लिए पहल की। समापन अभिनीत झा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्तिक उरांव की 98वीं जयंती मनायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के तत्वावधान में बाबा कार्तिक उरांव की 98वीं जयंती समारोह मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभाग के समन्वयक प्रो रामदास उरांव ने सभी सम्मानित अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत भाषण से स्वागत किया। विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ सीता कुमारी ने 'कार्तिक उरांव' की संपूर्ण जीवन से सम्बंधित बातों को रखी। सम्मानीय वक्ता (वरिष्ठ साहित्यकार) महादेव टोप्पो ने इस अवसर पर कहा कि कार्तिक उरांव अपने वेक्तिकत्व एवं कार्यों से इतना प्रभावित किया है कि उन्हें आज हमें याद करने की जरूरत है। डॉ जिंदर सिंह मुंडा, सहायक प्राध्यापक, हिंदी, डीएसपीएमयू, रांची ने कहा कि हमें कार्तिक उरांव जैसे अनेक विभूतियों को याद करनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्विद्यालय के डॉ अनिल कुमार को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुमंती तिर्की ने की और धन्यवाद ज्ञापन नागपुरी भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक युगेश कुमार महतो ने किया। इस शुभ अवसर पर विभाग के डॉ पीपी महतो, डॉ जयकिशोर मंगल, डॉ डुमनी माई मुर्मू, डॉ मनोज कच्छप, सुजाता टेट उपस्थित थे।

केंद्रीय सरना समिति ने कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि दी

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय कार्यालय कचहरी परिसर रांची में पंख राजबाबा कार्तिक उरांव के 98वीं जयंती पर बाबा कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि बाबा पंख राज कार्तिक उराँव आदिवासियों के महान नेता थे वे दूरदर्शी शिक्षाविद एवं कुशल अभियंता एंव प्रशासक भी थे। उन्होंने आदिवासियों की परंपरा संस्कृति एवं आदिवासियों को एकजुट करने पर जोर दिया उन्होंने पूरे भारत में आदिवासियों को एकजुट करने के लिए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन किया। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुवनेश्वर लोहरा, महासचिव संजय तिर्की, विनय उरांव, बाना मुंडा, अमित टोप्पो, समर सिंह मुंडा दीपक, जयसवाल, उपाध्यक्ष सहाय तिर्की एवं उपस्थित थे।

बिजली के लोडशेडिंग से परेशान हैं अनगड़ा के उपभोक्ता : जैलेंद्र कुमार

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व में बिजली की लगातार हो रही लोडशेडिंग से व्रतियों को काफी परेशानी हो रही है। पिछले एक सप्ताह से बिजली की लोडशेडिंग बढ़ गयी है। शाम में चार घंटा तक बिजली गायब रहती है। विभागीय अधिकारी उपभोक्ता का फोन नही उठा रहे है। गेतलसूद, जोन्हा, गोंदलीपोखर, अनगड़ा, महेशपुर, राजाडेरा आदि इलाका घंटों अंधेरे में रह रहा है। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने इस मामले को लेकर शनिवार की शाम में बिजली विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नही उठाया। जैलेंद्र कुमार ने बताया कि बिजली विभाग के उच्च अधिकारी से बात हुई, तो बताया कि लोडशेडिंग के कारण बिजली कटौती की जा रही है। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार हिंदुओं के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। हिंदुओं के पर्व-त्योहार में ही बिजली की कटौती की जाती है। झारखंड की वर्तमान सरकार पूरी तरह से हिंदू विरोधी हो गयी है।

श्री श्याम मंदिर में 34वां श्री श्याम भंडारा

रांची (आजाद सिपाही)। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 34वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन किया गया। प्रत्येक शनिवार को श्री श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन किया जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में कुशल कारीगर की टीम ने मंदिर के श्री श्याम रसोई में भंडारा का प्रसाद निर्मित किया। भंडारे में गरमा गरम केसरिया जलेबी, केसरिया वेजिटेबल पुलाव, कढ़ाई पूरी, आलू चना दाल परवल का मिक्स सब्जी प्रसाद बनाया गया। साईं काल को भंडारे की निर्मित सामग्री का भोग श्री श्याम मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं को अर्पित कर प्रसाद का रूप दिया गया। पीपी कंपाउंड निवासी समाजसेवी आरएस अग्रवाल, विजयलक्ष्मी अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष पर परिवारजनों ने श्री श्याम भंडारी की सेवा निवेदित की। पूरा अग्रवाल परिवार श्री श्याम मंदिर में उपस्थित होकर भाव विभोर हो रहा था। भोग अर्पित होने के बाद आरएस अग्रवाल परिवार ने मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिला कर भेंट स्वरूप दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने अग्रवाल परिवार के सदस्यों से श्री श्याम भंडारा का वितरण प्रारंभ करवाया। पूरा मंदिर परिसर भक्तजनों से भरा था। लंबी लंबी कतार लगी हुई थी खाटू नरेश की जय हारे के सहारे की जय बजरंगबली की जय जयकारों से हरमू रोड गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश महामंत्री, विश्वनाथ नारसरीया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल मोनू, अनिल नारनोली, पंकज गाड़ोदिया, अमित सरावगी, स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, अरुण बुधिया, राजेश चौधरी, आशीष डालमिया, मीरा अग्रवाल, अनुज मोदी, विकास मोदी, संजय सर्राफ, पवन शर्मा, सुभाष मंगल, मनोज खेतावत, अन्नपूर्णा सरावगी, रमा सरावगी, कविता मित्तल, स्नेहा पोद्दार, सलज अग्रवाल, सोनू विजय, राजेश शर्मा, अरविंद सोमानी, प्रदीप मोदी, रौनक प्रकाश अग्रवाल, निखिल शर्मा, दिनेश अग्रवाल, विशाल रोशन खेमका ने श्याम भंडारे का वितरण व्यवस्था में सहयोग किया।

प्रभातफेरी में आसा दी वार के संपूर्ण कीर्तन के साथ हुआ शबद गायन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा शनिवार को चौथे दिन सुबह 5.15 बजे प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर विजय कटारिया, चुन्नी लाल पपनेजा, गोपाल दास सरदाना, नानक चंद अरोड़ा, मुकेश तलेजा, मनीष गिरधर, राजेंद्र मक्कड़, रवनीत सिंह और भाजपा नेता नंद किशोर अरोड़ा, रमेश पपनेजा,पाली मुंजाल की गलियों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट पहुंच कर सुबह 7.45 बजे विसर्जित हो गयी। प्रभातफेरी में समूह साध संगत द्वारा सामूहिक रूप से आसा दी वार के सम्पूर्ण कीर्तन के साथ साथ शबद गायन किया गया। सत्संग सभा की कीर्तन मंडली के सूंदर दास मिढ़ा, रमेश पपनेजा, इंदर मिढ़ा, जीतू काठपाल, सुरजीत मुंजाल, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबीता पपनेजा, बबली दुआ, मंजीत कौर तथा इशिका काठपाल ने करि बंदन प्रभ पारब्रहम बाछउ साधह धूरि,आपु निवारि हरि हरि भजउ नानक प्रभ भरपूरि... तथा किलविख काटण भै हरण सुख सागर हरि राइ, दीन दइआल दुख भंजनो नानक नीत धिआइ... जैसे कई शबद गायन कर कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियों को नानकमय कर दिया।

गुरु घर के सेवक मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की रस्म अदा की तथा निशान साहिब की सेवा भूपिंदर सिंह ने की.फेरी समाप्ति के उपरांत सत्संग सभा चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया। सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि रविवार की फेरी बरियातू स्थित डॉ अजय छाबड़ा, हरीश अरोड़ा, मनोज काठपाल, लेखराज अरोड़ा, जगत सिंह सुखीजा एवं प्रेम मिढ़ा के आवास जायेगी और वहीं फेरी विसर्जित हो जायेगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सत्संग सभा द्वारा गुरु गोविंद सिंह स्कूल, कमड़े की स्कूल बस उपलब्ध करायी गयी है।

नन्हा श्रद्धालु लवप्रीत सिंह बना आकर्षण का केंद्र : फेरी में दिवंगत भाजपा नेता स्व. गामा सिंह का दो वर्षीय पोता लवप्रीत सिंह आकर्षण का केंद्र रहा जिसने गले मे पहनी छोटी ढोलक बजाकर साध संगत का मन मोह लिया।

प्रभातफेरी में द्वारका दास मुंजाल, अर्जुन देव मिढा, अशोक गेरा, जीवन मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल,मोहन काठपाल, सोनू खुराना, महेंद्र अरोड़ा, रमेश तेहरी, रौनक ग्रोवर, वेद प्रकाश मिढ़ा,पवनजीत सिंह खत्री, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, राजेंद्र मक्कड़, प्रताप तलेजा, मनीष मल्होत्रा, किशन गिरधर, बसंत काठपाल, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, हरविंदर सिंह, लक्ष्मण दास सरदाना, गौरव मिढ़ा, अमन डावरा, ज्ञान मादन पोतरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, कमल अरोड़ा, हरीश नागपाल, कमल धमीजा, राकेश गिरधर, कमल मुंजाल, स्वर्णदीप मिढ़ा, मनीष गिरधर, ज्ञान दुआ, अजय मुंजाल, चंदन गिरधर, मोहित मुंजाल, अश्विनी सुखीजा, पंकज मिढ़ा, हैप्पी अरोड़ा, अनमोल अरोड़ा, प्रथम मिढ़ा, श्वेता मुंजाल, अमर मुंजाल, रवि नागपाल, कमलेश मुंजाल, गोविंद कौर, नीता मिढ़ा, भजना देवी डावरा, देवकी मुंजाल, दुर्गी मिढ़ा, उषा झंडई, नेहा मुंजाल, हरदेवी गिरधर, पूनम मुंजाल, उर्मिला खत्री, बलबीर मिढ़ा, हर्षा मिढ़ा, निती थरेजा, बिमला मुंजाल, रजनी तेहरी, गूंज काठपाल, गुड़िया मिढ़ा, प्रियंका मुंजाल और शीतल शामिल हुए।

गोपाष्टमी महोत्सव एक को, निकलेगी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची गौशाला न्यास 118वां वार्षिक श्री कृष्ण गोपाष्टमी महोत्सव आगामी मंगलवार एक नवंबर को रांची गोशाला प्रांगण में होगी। रांची गौशाला के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार ने बताया गोपाष्टमी महोत्सव के लिए महोत्सव संयोजक सज्जन कुमार सर्राफ, सह संयोजक किशोरी लाल चौधरी, काशी प्रसाद कंदोई, छोटेलाल जैन को बनाया गया है। महोत्सव संयोजक सज्जन सर्राफ ने बताया कि एक नवंबर को प्रातः 7:30 बजे श्री गणेश पूजन के साथ श्री गोपाष्टमी महोत्सव प्रारंभ हो जायेगा। गो पूजन गो दर्शन सुबह 8 बजे से तथा प्रातः 8:30 बजे से तुलादान के माध्यम से गो आहार दान में दे सकते हैं। इस अवसर पर सुबह नौ बजे हरमू रोड स्थित गोशाला प्रांगण से एक विशाल शोभायात्रा नगर भ्रमण को निकलेगी। इसमें श्रृंगारयुक्त गाय, नंदी, बछड़े, मौजूद रहेंगे। संग में सजीव एवं निर्जीव झांकी, ताशा पार्टी, बैंड बाजे, के संग स्कूल के बच्चे धर्मध्वज फताकाओं के संग शामिल रहेंगे। एक वाहन पर भजन गायकों के द्वारा भजनों की गंगा प्रवाह की जायेगी। दिन के दो बजे से गोशाला परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के आयोजन रखे गये हैं। शाम छह बजे से वृंदावन से पधारे कलाकारों के द्वारा कृष्ण रासलीला पर कई झांकियों के संग आयोजित प्रस्तुति रखी गयी है।

OXFORD (N) SCHOOL
(A Play School)
Bahu Bazar, Opp. Yogda Math, Ranchi; Phone: 7485096734/35

REGISTRATION FOR ADMISSION - PRE-NURSERY, NURSERY & PREP

Registration forms for admission in Pre-Nursery, Nursery & Prep for the session 2023-24 will be available in the school office from **1.11.2022 to 25.11.2022** on working days **(Timing – 8:30 a.m. to 1:00 p.m.)**. For further details, contact school office or visit **www.oxfordkidsworld.org.** Parents must carry a copy of the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card to procure the registration form. ***BUS FACILITY AVAILABLE.***

Principal

OXFORD PUBLIC SCHOOL
Pragati Path, Old H.B. Road, Ranchi; Phone: 7485096733

REGISTRATION FOR ADMISSION - NURSERY, PREP & STD-I

Registration forms for admission in Nursery, Prep and Std-I for the session 2023-24 will be available in the Junior Wing office counter and on school's official website **www.oxfordpublicschool.net.in** from **1.11.2022 to 25.11.2022** on working days **(Timing – 8:30 a.m. to 1:00 p.m.)**. Parents must carry a copy of the Municipal Birth Certificate and Aadhar Card to procure the registration form. ***BUS FACILITY AVAILABLE.***

Principal

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई)
विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय
चौथा तल, सेवा भवन, आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066 (भारत)
Website: www.beeindia.gov.in, फोन: 011-26766700

सार्वजनिक सूचना

कुछ विनिर्माता बीईई के अधिकृत स्टार लेबल के बिना एलईडी बल्ब बेच रहे हैं, जो ऊर्जा संरक्षण अधिनियम की धारा 14 का उल्लंघन है। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि खरीदारी करने से पहले हमेशा उत्पादों के स्टार लेबल की जाँच करें।

उत्पाद पर प्रदर्शित स्टार लेबल की प्रामाणिकता की जाँच करने के लिए, बीईई के पोर्टल पर जाएं।

www.beestarlabel.com/SearchCompare

अधिकृत लेबल
अनधिकृत लेबल

CBC 34106/12/0008/2223

ऊर्जा दक्षता के लिए हमेशा बीईई स्टार रेटेड उपकरणों को प्राथमिकता दें



परंपरा : कर्रा के सरदुल्ला पड़हा जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भारी भीड़

युवा पीढ़ी के कंधों पर है ऐतिहासिक परंपरा को बचा कर रखने की जिम्मेवारी : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता

कर्रा। पड़हा जतरा हमारे पूर्वजों की धरोहर है। यह सामाजिक सौहार्द और आपस में मेल मिलाप के साथ ही नये वर-वधु के चयन का माध्यम है। ये बातें खूंटी विधायक व राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। वे शनिवार को कर्रा के सरदुल्ला गांव में आयोजित पड़हा जतरा में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि पूर्वजों के समय पहडा द्वारा गांव-टोला ही

लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा।

विधि व्यवस्था कायम की जाती थी। हमारे पूर्वज इस तरह का जतरा लगाकर मेलजोल और सुख-दुख का साझा करते थे। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में आज भी मेला जतरा में आदिवासी मूलवासियों की संस्कृति झलकती है। इस ऐतिहासिक परंपरा को बचाकर रखने की जिम्मेवारी युवा पीढ़ी पर है। मौके पर धूम म्यूजिकल रांची की ओर से नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। कलाकार जगदीश बडाईक द्वारा नगपुरी गाना दिल्ली गेले बदइल गेले गाना में उपस्थित श्रोता झुमने लगे। कलाकार उमेश महली, राकेश बडाईक, पंकज रॉय, बिरसा कुमार, अनिता बडाईक, निशा कुमारी ने अपनी प्रस्तुतिसे खूब वाह-वाही लूटी। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम महतो, कर्रा मंडल अध्यक्ष बालकिशुन महतो, बमरजा पंचायत मुखिया अनुप कुजूर, दिलीप सिन्हा, विनोद नाग, सुरेश जयसवाल, कलिंद्र राम, करनो बड़ाईक, विकास मिश्रा, तेम्बा उरांव, बिरसा धान के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

झामुमो कार्यकर्ताओं ने छठ व्रतियों के बीच किया दूध का वितरण

खूंटी (आजाद सिपाही)। छठ महापर्व के अवसर पर शुक्रवार को झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुदीप गुड़िया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर खरना के लिए दूध का वितरण किया। सुदीप गुड़िया और तपकारा पंचायत मुखिया और झामुमो नेत्री रोशनी गुड़िया द्वारा व्रतियों के बीच दूध वितरण किया गया। सुदीप गुड़िया ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ पर हम सभी छठी मईया से प्रार्थना करें कि लोगों के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि आये। मुखिया रोशनी गुड़िया ने लोगों को छठ की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष बिमल बरला, प्रदीप केशरी, अजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, अनुज गुड़िया, अरमान तोपनो, अमित स्वांसी, निपुण चोधरी और पंकज चौधरी आदि उपस्थित थे।

मैकलुस्कीगंज : तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

मैकलुस्कीगंज। मैकलुस्कीगंज के लपरा चट्टी नदी निवासी रिंकू उरांव के घर उस समय मातम छा गया जब उसकी 10 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी और आठ वर्षीय पुत्र सचिन की पानी में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सुमन और सचिन घर से 100 मीटर की दूरी पर बने एक तालाब में नहाने गए थे। दोनों भाई-बहन पानी में एक डुबकी लगाने के बाद किनारे पर बैठ कर साबुन लगा रहें थे। अचानक साबुन हाथ से फिसल कर तालाब में चला गया । जिसे निकालने सचिन गया। उसका पैर फिसल जाने से वह अधिक गहराई में चला गया। भाई को डूबता देख बचाने के के लिए सुमन भी आगे बढ़ी और डूब गई। दोनों को निकालने के लिए इनकी छोटी पांच साल की बहन ने अपना पैर पानी में डाल दिया, लेकिन वहीं मौजूद पड़ोस की लड़की ने उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। इसके बाद उसी बच्ची ने गांव वालों को घटना की सूचना दी। उधर खपर मिलते ही गांव और आस पास के लोग दौड़े कर घटना स्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक दोनों बच्चें की जीवन लीला समाप्त हो चुकी थी। रामू उरांव चिमनी भट्ठा पर काम करता है और मां दैनिक मजदूरी करती है। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

सोनाहातू में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

सोनाहातू/ राहे (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने शनिवार की शाम खरना का अनुष्ठान किया। शाम में व्रती स्नान दान कर भगवान भास्कर का ध्यान लगाया और अपने घर में खरना का भोग चढ़ाया। पूजा पाठ के बाद व्रतियों ने प्रसाद के रुप में खीर का भोजन किया। उसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोक आस्था के इस महापर्व में प्रसाद पाने के लिए लोग व्रतियों के यहां पहुंचते रहे। देर रात तक प्रसाद पाने के लिए लोग एक दूसरे के घर जाते रहे। रविवार की शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार की सुबह में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व संपन्न हो जाएगा।

खरना के साथ शुरू हुआ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास, पहला अर्घ्य आज

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। लोक आस्था और नेम निष्ठा के चार दिवसीय महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने खरना अनुष्ठान और भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना और खीर भोग अर्पण करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। शाम होते ही व्रतियों के घरों पर प्रसाद ग्रहण करने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार को अस्ताचलगामी भुवन भास्कर को पहला अर्घ्य प्रदान किया जायेगा। सोमवार को उदीयमान सूर्यदेव का दूसरा अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा। प्रसाद ग्रहण करने वालों की भारी भीड़ के कारण जिला मुख्यालय के मेन रोड, कर्रा रोड, पिपराटोली, तोरपा रोड, बाजार टांड़ सहित अन्य क्षेत्रों में देर रात तक उत्सव का माहौल रहा। छठ व्रतियों के घरों में बज रहे छठी मईया के गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू, अड़की प्रखंड मुख्यालय और ग्रामीए इलाकों में भी सूयोर्पासन का महापर्व पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जा रहा है।

छठ को लेकर खलारी के बाजारों में ईख, फलों और पूजन सामग्री की जम कर हो रही है बिक्री

खलारी (आजाद सिपाही)। छठ पर्व को लेकर शनिवार को केडी मुख्य बाजार, बुकबुका महावीरनगर हाट बाजार सहित आस-पास के बाजारों में ईख, फलों एवं पूजन सामाग्री की काफी बिक्री देखी गई। सभी जगहों पर काफी संख्या में लोगों ने छठ पर्व को लेकर सामानों की खरीददारी की।

खलारी में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी कोयलांचलन सहित आस-पास के क्षेत्रों में शनिवार को आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन छठ व्रतियों का खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हुआ। खरना से पूर्व व्रतियों ने अपने आसपास के नदी तालाबों में जाकर स्नान किया और सूर्य को जल अर्पित कर पूजा अर्चना की। इसके बाद शाम में व्रतियों ने शुद्धता पुर्वक आम की लकड़ी पर खीर व रोटी को बनाया और भगवान को अर्पित किया। वहीं लोगों के बीच खीर व रोटी को प्रसाद स्वरूप दिया गया। क्षेत्र में लोगों ने छठ व्रतियों के घर घूम-घूम कर प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी कल

खूंटी (आजाद सिपाही)। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को खूंटी में सुबह 7.30 बजे बिरसा कॉलेज खूंटी हॉकी स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार ने बताया कि रन फॉर यूनिटी हॉकी स्टेडियम बिरसा कॉलेज से शुरू होकर भगत सिंह चौक होते हुए सुभाष चंद्र बोस चौक पहुंचेगी और वहां से वापस हॉकी स्टेडियम आयेगी। सांसद प्रतिनिधि ने जिले के नागरिकों, खिलाड़ियों, खेल एसोसिएशन के सदस्यों छात्र-छात्राओं और प्रशासनिक अधिकारियों से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

केंद्रीय विद्यालय स्पोर्ट्स मीट की तीरंदाजी में खूंटी का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। दिल्ली और फरीदाबाद में 16 से 21 अक्टूबर तक आयोजित केंद्रीय विद्यालय स्पोट्र्स मीट में केंद्रीय विद्यालय खूंटी के बच्चों ने तीरंदाजी खेल में पहली बार भाग लेते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बालक वर्ग के अंडर-19 आयु वर्ग में श्रीकांत कुमार महतो ने 50 मीटर और 30 मीटर में दो स्वर्ण पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया जबकि अंडर-17 आयु वर्ग के 30 मीटर में अंकित कश्यप ने रजत पदक जीतकर गौरव बढ़ाया। इसी प्रकार बालिका वर्ग में अंडर-19 आयु वर्ग के 50 मीटर में शिवानी साहू और 30 मीटर में उर्वशी कुमारी ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि अंडर 14 आयु वर्ग में दर्शिका कुमारी ने भी कांस्य पदक जीतकर मान बढ़ाया। बालक वर्ग से तीन जबकि बालिका वर्ग से पांच तीरंदाज प्रतियोगिता में भाग लिए थे। दोनों वर्गों में भाग लेने वाले केंद्रीय विद्यालय खूंटी के सभी आठ किशोर तीरंदाज वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पहली बार राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट में भाग लेकर दो स्वर्ण सहित पांच पदक जीतने वाले किशोर तीरंदाजों के इस उपलब्धी पर वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी के अभिभावक पद्मभूषण कडिया मुंडा, डीसी शशि रंजन, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, खूंटी जिला तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष कोचे मुंडा, केंद्रीय विद्यालय खूंटी की प्राध्यापिका रेखा मिन्ज, शिक्षिका मगन कुजूर, पूर्णिमा कुमारी, वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी के शैलेंद्र सिन्हा, इशान जायसवाल, बसंत कुमार, दानीश अंसारी, राहुल कुमार, रौशन कुमार, अशीष कुमार, मोनिका कुमारी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

सिल्ली में व्रतियों ने लगाया खरना का भोग

सिल्ली/बुंडू (आजाद सिपाही)। चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ के दूसरे दिन व्रतियों ने शनिवार की शाम में खरना का अनुष्ठान किया। शाम में व्रती स्नान दान कर भगवान भास्कर का ध्यान लगाया और अपने घर में खरना का भोग चढ़ाया। पूजा पाठ के बाद व्रतियों ने प्रसाद के रुप में खीर का भोजन किया। उसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। लोक आस्था के इस महापर्व में प्रसाद पाने के लिए लोग व्रतियों के यहां पहुंचते रहे। देर रात तक प्रसाद पाने के लिए लोग एक दूसरे के घर जाते रहे। रविवार की शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार की सुबह में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर चार दिवसीय पर्व संपन्न होगा। वहीं, बुंडू एवं आसपास के क्षेत्रों में शनिवार की शाम भगवान सूर्य के पूजन अर्चन एवं घी लगी रोटी गुड़ की खीर और फल का भोग लगाकर खीर प्रसाद ग्रहण करने के बाद छठ महाव्रत का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने अपने इष्ट जनों एवं मित्र जनों को खरना का प्रसाद का वितरण किया।

छठ महापर्व : अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

पिपरवार (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन छठ व्रतियों द्वारा पूरी साफ-सफाई, श्रद्धा एवं नेत-आस्था के साथ पूजाकर खरना किया गया। शाम को छठ व्रतियों के खरना का महाप्रसाद ग्रहण कर 36 घंटों के कठिन उपवास शुरू हो गया जो सोमवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद खत्म हो जाएगा। पिपरवार

कोयलांचल क्षेत्र में श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह एवं आस्था के साथ घर घर जाकर खरना का प्रसाद ग्रहण करते हुए देखा गया। क्षेत्र में लाउड स्पीकर पर बजने वाले छठ के पारंपरिक गीतों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। सूर्योपासना के महापर्व के तीसरे दिन आज नदी एवं तालाब के घाटों पर जाकर छठ व्रतियों द्वारा अस्ताचल होते भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए कोयलांचल क्षेत्र पिपरवार में स्थित सभी छठ घाटों की साफ सफाई का कार्य पूरा हो गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया घाटों का निरीक्षण

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में छठ महापर्व को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश उरांव ने अन्य पदाधिकारियों के साथ रानी चुआं खुदिया तालाब मैनेजर तालाव सहित अन्य छठ घाटों का निरीक्षण किया। नगर अध्यक्ष ने अपने कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही चौक चौराहों पर लाइट की भी सुविधा की जाए। मौके पर वार्ड पार्षद कैलाश हलवाई के अलावा कार्यालय कर्मी प्रदीप दास पल्लव दास सिटी मैनेजर अनूप कुमार और मुकेश कुमार सिंह के अलावा कई कर्मी मौजूद थे।

दो दिवसीय वार्षिक हॉकी एवं फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

खूंटी (आजाद सिपाही)। सरना धर्म सोतोः समिति डौगड़ा के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक हॉकी एवं फुटबॉल खेल महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ। दो दिवसीय खेल महोत्सव का उद्घाटन हेठगावा पंचायत के मुखिया जगमोहन सिंह पूर्ति, पंचायत समिति सदस्य जुरन सिंह पूर्ति एवं केवड़ा पंचायत के मुखिया चमनी हस्सा पूर्ति ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर उक्त पंचायत प्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए उनसे बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की अपील की। शनिवार को फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कमड़ा, लुंबई, उलिहातु बी और जोजोटोली की टीम महिला वर्ग में डौगड़ा ए एवं बालो की टीम और हॉकी पुरुष वर्ग में डौगड़ा ए टीम ने पहले राउंड के अपने-अपने मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश किया। रविवार को सभी वर्गों का फाइनल मैच खेला जाएगा। बताया गया कि रविवार को समापन समारोह में खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शनिवार को उद्घाटन कार्यक्रम में धर्मगुरु बगरय मुंडा, मथुरा कंडीर, सोमा ओड़ेया, बिरसा कंडीर, बंटी ओड़ेया, कोलाय ओड़ेया, टुटी ओड़ेया सहित अन्य ग्रामीण व खेल प्रेमी शामिल थे।

प्रबंधन से वार्ता में पूर्व की भांति वेतन भुगतान के आश्वासन के बाद अवरोध समाप्त

वेतन कटौती से नाराज लेवलिंग मजदूरों ने 24 घंटे तक बंद रखी बचरा साइडिंग,किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में काम करने वाले लेवलिंग मजदूरों ने वेतन कटौती के खिलाफ बचरा साइडिंग का काम 24 घंटे तक बंद रखा। मजदूरों का कहना है कि कंपनी की ओर से अचानक मजदूरों के वेतन में भारी कटौती कर दी गई, जिसके कारण महंगाई के इस दौर में मजदूरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बचरा साइडिगं मे रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य बंद रहा। इधर सूचना पाकर स्थानीय सीसीएल अधिकारी और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधि बचरा साइडिंग पहुंचकर मजदूरों के साथ वार्ता किये।

साइटिंग बंद करने के बाद वार्ता में शामिल लेवलिंग मजदूर।

करीब तीन घंटे तक चली इस वार्ता मे संबंधित कंपनी द्वारा पूर्व की भांति वेतन देने का आश्वासन दिया गया। वार्ता में मिले आश्वासन के बाद मजदूर शांत हुए और करीब 24 घंटे के बाद बचरा साईडिंग का कार्य दोबारा प्रारंभ हो सका। वार्ता में सीएचपी सीपीपी परियोजना पदाधिकारी गोविन्दम सरकार, एरिया सिक्यूरिटी ऑफिसर अरूण कुमार महतो, एरिया सेल्स ऑफिसर निशांत कुमार, बचरा साईडिंग मैनेजर बिशपनाथ, आनन्द कुमार सिंह, राहुल टिकमानी, ओमप्रकाश प्रजापति, सुरैश गोप, दिलीप चौधरी, अशोक महतो, मुंशी महतो, बिजली महतो आदि थे।

भक्ति जागरण में रातभर झूमे श्रद्धालु

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी बाजारटांड़ में शुक्रवार की रात आयोजित भक्ति जागरण में रातभर श्रद्धालु भक्ति गीतों में सराबोर रहे। इससे पूर्व भक्ति जागरण का उद्घाटन बलराम प्रसाद सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद धनबाद से आये कलाकार दलजीत सिंह दीवाना, अवनीश कुमार, विजेता कुशवाहा, सिमरन कौर ने एक से बढ़ कर एक भक्ति गीतों को गाकर जागरण में पहुंचे। श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं भक्ति गीतों पर श्रद्धालु रातभर आनंद लेते रहे। इस मौके पर विनोद वर्मा, उदय सिंह, देवेंद्र प्रसाद गुप्ता, रोहित गुप्ता, अनिल गुप्ता, अभिषेक सिंह, रवि प्रकाश, अभिषेक शर्मा, सोनू, रौशन, डब्ल्यू आदि मौजूद थे।

सेवानिवृत्त कर्मचारी ब्रजमोहन प्रसाद का निधन



खलारी (आजाद सिपाही)। एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के सेवानिवृत कर्मचारी सह दैनिक अखबार के खलारी प्रतिनिधि धीरेन्द्र प्रसाद के बड़े भाई 79 वर्षीय ब्रजमोहन प्रसाद का शनिवार की सुबह खलारी स्थित आवास में निधन हो गया। शनिवार तड़के उनकी तबीयत खराब हुई थी। ब्रजमोहन प्रसाद के पिता राजकिशोर प्रसाद औरगांबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के जुड़ाही गांव से नौकरी करने वर्ष 1945 में खलारी आये थे। पिता के नौकरी में रहते हुए ही ब्रजमोहन प्रसाद एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के क्वायरी में और बाद में फैक्ट्री के लैब में काम करते हुए वर्ष 2006 में सेवानिवृत हुए थे। वे अपने पीछे दो पुत्र व एक पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये। वे अपने समय में खलारी क्षेत्र के सामाजिक व धार्मिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे।

रातू छठ घाट का अधिकारियों ने निरीक्षण कर लिया साफ सफाई व सुरक्षा का जायजा

रातू (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर रातू क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का प्रशासनिक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। शनिवार की दोपहर को डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह, अंचल अधिकारी प्रदीप कुमार व सीआई फन कैशल पार्क स्थित ऐतिहासिक तालाब पहुंचे जहां उन्होंने घाटों की साफ सफाई के अलावा सुरक्षा का भी जायजा लिया इस दौरान उन्होंने घाट को स्वच्छ व सुरक्षित रखने की आवश्यक दिशा निर्देश दिये। रातू के सभी छठ घाटों में जोर शोर से साफ सफाई का काम किया जा रहा है। रातू छठ पूजा समिति के द्वारा रातू फन कैशल पार्क स्थित ऐतिहासिक बड़ा तालाब में छठवर्तियों के सुविधाओं के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

रातू राजमहल के दिवंगत युवराज की स्मृति में छठ व्रतियों के बीच बांटी गयी पूजा सामग्री

रातू (आजाद सिपाही)। छोटानागपुर राज्य के दिवंगत युवराज व हटिया विधानसभा के कोंग्रेस विधायक गोपाल शरण नाथ शाहदेव की स्मृति में श्री साईं स्वयंसेवी संस्था रातू के तत्वावधान मे शनिवार को एसबीएल गेट के समीप छठ व्रतियो के बीच निःशुल्क सुप , नारियल , फल आदि पूजा सामग्री वितरण किया गया । जिसकी शुरुआत दिवंगत युवराज के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।सोमवार की सुबह की अर्धय के पहले दुध का वितरण किया जाएगा।साथ ही सभी श्रद्धालुओं भक्तों के लिए चाय की भी व्यवस्था की गई हैं। समिति के सदस्यों ने आम श्रद्धालुओं से अपील की कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दे एवं कोई भी मामला होने पर आयोजन समिति श्री साईं स्वयंसेवी संस्था के कार्यालय को सूचित करें। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद , लल्लू , दामोदर मिश्रा , बैजू सोनी , बैजनाथ साहू , विकास कुमार , श्याम चौबे , जय कुमार , उमेश लोहरा , गंगू पासन , प्रिंस , मुकेश , महेंद्र, शिवपूजन साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

लापुंग में छठ व्रतियों ने किया खरना प्रसाद ग्रहण के लिए उमड़े श्रद्धालु

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग के मालगो में छठ पर्व के दूसरे दिन नेम निष्ठा कर सूरज देव को खीर का प्रसाद का भोग लगाया गया। गांव में खीर भोजन का प्रसाद लेने के लिए बच्चे समेत गांव की महिलाएं प्रसाद लेने के लिए उमड़ पड़ीं। गांव भक्ति मय हो गया। एक दशक पूर्व गोली और बारूद से दहल जाने वाला गांव दर्जनों छठ व्रती से भक्तिमय हो गया है। कल साहू तालाब मालगो में शाम व 31 को सुबह उगते सूर्य को अर्ध्य दिया जाएगा।

बेड़ो में सड़क हादसे में तीन घायल, रिम्स रेफर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। लापुंग थाना क्षेत्र के सरसा साईं मंदिर मोड़ के समीप पैदल अपने ससुराल जा रहे साढू भाई को पीछे से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें साढू भाई समेत बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना शनिवार की शाम लगभग छह बजे की है। घायलों को ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। घायलों में लापुंग ककरिया उनिकेल निवासी 30 वर्षीय लखराज लोहरा पिता महेंद्र लोहरा और साढू भाई 30 वर्षीय गुमला भरनो के मारासिल्ली निवासी राजन लोहरा पिता भक्तु लोहरा व बाइक सवार बेड़ो जरिया पिपरटोली निवासी 19 वर्षीय निशांत उरांव पिता डमरु उरांव है। जहां डा मेघा भगत ने तीनों घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार लखराज बोहरा अपने साढू भाई के साथ सरसा गांव जा रहे थे। बाइक सवार जरिया पीपर टोली निवासी लापुंग क्षेत्र से जतरा देख कर अपने घर लौट रहा था इसी दौरान यह घटना हुई।

राजाडेरा में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। एसबीएस क्लब के तत्वावधान में राजाडेरा पंचायत के शासनबेड़ा गांव में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व मुखिया मोतीराम मुण्डा ने किया। उद्घाटन मैच बानपुर एफसी एवं बीआईटी एफसी के बीच खेला गया जिसमें बानपुर की टीम ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए बीआईटी की टीम को 1-0 से पराजित कर दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि मोतीराम मुण्डा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुरू कराया। इस अवसर पर मोतीराम मुण्डा ने कहा कि सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें सामने लाने की। कहा कि राजाडेरा पंचायत में खेल को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को पर्याप्त खेल सामग्री एवं मैदान उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी। मौके पर आयोजन समिति के सेवाराम महतो, उमेश चौधरी, महाबीर महतो, दुर्गा महतो, रोशन महतो, उज्जयस टोप्पो, रोहित महतो, उमेश महतो उपस्थित थे।

यक्ष्मा आरोग्यशाला की अधिकृत भूमि पर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के लिए भूमि चिह्नित

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी में यक्ष्मा आरोग्यशाला की अधिकृत भूमि पर अजीम प्रेम जी यूनिवर्सिटी के लिये भूमि चिन्हित कर ली गयी। अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के अधिकारियों ने शुक्रवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व विधायक बन्धु तिर्की व इटकी सीओ रश्मि लकड़ा के साथ स्थल का निरीक्षण किया। इस क्रम में फाउंडेशन ने खोरखा टोली के ग्रामीणों के लिए पश्चिमी दिशा में मार्ग देने पर सहमति भी दी। इससे पूर्व विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षता में यक्ष्मा आरोग्यशाला अधीक्षक पीके भगत के कक्ष में फाउंडेशन के जिला कॉर्डिनेटर राकेश तिवारी, आराध्या मुखर्जी, अल्बर्ट के साथ एक बैठक हुई। बैठक में फाउंडेशन के कॉर्डिनेटर तिवारी ने जानकारी दी की आरोग्यशाला की 150 एकड़ चिन्हित भूमि पर अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, हॉस्पिटल, और नर्सरी से लेकर 12 वीं तक की राज्य स्तरीय स्कूल बनाने का लक्ष्य है। इसको लेकर राज्य सरकार से एमओयू हो चुका है, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। राज्य सरकार द्वारा भूमि हैंडओवर होती ही यूनिवर्सिटी भवन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

अपहरण : टीएसपीसी उग्रवादी संगठन ने अपहरण से किया इनकार

अपहरण के 13वें दिन बाद भी नहीं मिला राजा साहेब का सुराग

परिवार वाले चिंतित, अपहरणकर्ताओं से छोड़ने की अपील

रातू के हुरहुरी गुटुवा टोली का रहने वाला है राजा साहेब

आजाद सिपाही संवाददाता

रातू। थाना क्षेत्र के हुरहुरी पंचायत अन्तर्गत गुटुवा टोली का रहने वाला एक युवक 36 वर्षीय राजा साहब 13 दिन से लापता है। 17 अक्टूबर को अपने बाइक से निकला था। परन्तु 13 दिन बीत जाने के बाद भी वह घर वापस नहीं आया है। उसकी पत्नी रीता राज ने रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी है।

13वें दिन बीत जाने के बाद भी राजा साहेब का कुछ पता नहीं चल पाया है। उसके मोबाइल का आखिरी लोकेशन बुढ़मू क्षेत्र में मिला है। उसके बाद से उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा है। अपहरण का आरोप टीएसपीसी उग्रवादी संगठन पर लगा है। परन्तु

टीपीसी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि युवक के अपहरण में उसका कोई हाथ नहीं है। संगठन को बदनाम करने की यह साजिश है।

इधर अपहरण के बाद से पत्नी व माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है। वे अपने बेटे के सकुशल लौटने का इंतजार में नजरें टिका के बैठे हैं। वहीं उसके दो छोटे-छोटे बच्चे 8 वर्षीय युवराज व 5 साल का यशराज है। परिजनों ने अपहरणकर्ताओं से राजा साहेब को छोड़ने की अपील की है। वहीं पुलिस युवक को ढूंढने की हर संभव प्रयास कर रही है।

टांगर ग्राम में 12 पड़हा सोहराई जतरा कार्यक्रम का आयोजन

हम सभी को अपनी परंपरा, संस्कृति व रीति रिवाज को बचा के रखने की जरूरत है : आशुतोष तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता

चान्हो। प्रखंड अंतर्गत टांगर ग्राम में 12 पड़हा सोहराई जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जतरा में उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम का खूब मजा उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की थीं, परंतु किसी कारणवश वो कार्यक्रम में नहीं पहुंच पायीं। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी थे। उन्होंने

कहा कि जिस तरह पूर्वजों ने हमारी परंपरा, संस्कृति एवं रीति रिवाज को बचा के रखा है। उसी प्रकार आज हम सभी को अपनी परंपरा, संस्कृति व रीति रिवाज को बचा के रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिनको किसी भी प्रकार का समस्या हो, चाहे सड़क, नाली, आवास, वृद्धा-विधवा पेंशन या अन्य चीज की मुझसे आकर मिलें। साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे भी बतलाया और उसका लाभ लेने को कहा।

कार्यक्रम का संचालन इनामुल हक ने किया। मौके पर मोहन उरांव, इश्तियाक अंसारी, प्रमोद लाल, जुल्फीकार अली, गंदूरा उरांव, देवती देवी, सजाद अंसारी, साजिद खान, अशोक गिरी, नीतेश कुमार, समेत अन्य लोग मौजूद थे।

रातू चट्टी एनएच 75 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रांची-डालटनगंज मुख्य मार्ग के रातू चट्टी के पास अज्ञात चार पहिया वाहन के चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। वृद्ध की पहचान रातू थाना क्षेत्र के जामुनटोला निवासी 58 वर्षीय राम चंद्र साहू के रूप में हुई। घटना शुक्रवार की रात 11 बजे की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक रामचन्द्र चट्टी स्थित एसएनएल फैक्टी में काम करता था। रात को वह साइकिल से घर लौट रहा था इसी उपरान्त रांची की ओर से आ रहे एक स्विफ्ट कार ने टक्कर मारकर फरार हो गया। वाहन के धक्के से घायल व्यक्ति को आनन-फानन में लोगों ने रिम्स पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप रांची- गुमला मुख्य मार्ग पर शनिवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार नवाडीह बरटोली घाघरा निवासी 30 वर्षीय रामचंद्र भगत पिता राजेंद्र मिंज गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पीसीआर ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल रामचंद्र भगत ने बताया कि अपने स्कूटी से रांची जा रहे थे। इसी दौरान पावर ग्रिड के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गये।

पिठोरिया में सड़क दुर्घटना में मजदूर की मौत ग्रामीणों ने शव के साथ सड़क जाम की

पिठोरिया थाना प्रभारी रविशंकर के समझाने पर दो घंटे बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया

आजाद सिपाही संवाददाता

पिठोरिया । क्षेत्र के रांची-पतरातू मुख्य मार्ग पर सिमलबेड़ा के पास सड़क हादसा में मजदूर की मौत हो गई। घटना शनिवार शाम की है। जानकारी के अनुसार सिमलबेड़ा निवासी साहेब महतो का पुत्र जगेश्वर महतो (35 वर्ष) मजदूरी कर घर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पतरातू से रांची की ओर जा रही तेज रफ्तार वैगन-आर कार (जेएच 01 बीपी 5994)

सड़क पार कर रहे जगेश्वर महतो को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतक को कुछ दूर घसीटा और उसे कुचलते हुए भाग निकला। युवक को कुचलकर भाग रहे कार को स्थानीय लोगों ने पीछा कर पिठोरिया चौक से पकड़ा। पुलिस ने कार को जब्त कर थाने ले आयी। वहीं, युवक की मौत से गुस्साए राढ़हा सिमलबेड़ा के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और घटना स्थल पर लाश के साथ सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम को पिठोरिया थाना प्रभारी रविशंकर के द्वारा समझाने पर दो घंटे बाद परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया। पिठोरिया पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

कार्यक्रम : बेड़ो के करमचंद भगत स्टेडियम जरिया में सोहराई जतरा का आयोजन

जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत है : डॉ रवींद्र भगत

जरिया सरनास्थल से मांदर, ढोल, ढाक, नगाड़ा व झण्डा के साथ शोभायात्रा निकाली गयी, जो जतरा समारोह में तब्दील हो गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। सोहराई जतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत व पहचान है। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रवीन्द्र नाथ भगत ने कहीं। उन्होंने जनजातीय समाज के लोगों से एकजुट होकर अपनी परंपरागत सांस्कृतिक विरासत और पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने का आह्वान किया। वे करमचंद भगत स्टेडियम जरिया में शनिवार को आयोजित वार्षिक सोहराई जतरा समारोह में बोल रहे थे।

इस दौरान समाजसेवियों में

क्रमशः पूर्व वीसी डॉ रवीन्द्र नाथ भगत, सुबोध लकड़ा, 10 पड़हा राजा कोमल उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव, मुखिया कुंवारी खलखो, पंसस विशेश्वर उरांव, मंगू लकड़ा व बुधनाथ उरांव आदि ने स्व. कार्तिक उरांव व पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. करमचंद भगत की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इसके पूर्व जरिया सरनास्थल से मांदर, ढोल, ढाक, नगाड़ा व झण्डा के साथ एक शोभायात्रा निकाली गई। जो जरिया गांव का परिक्रमा करते हुए शिवमन्दिर पहुंची। जहां सरना समाज के लोगों ने झण्डा, मांदर, ढाक व नगाड़ा की थाप पर परंपरागत नाच गान करते हुए भगवान भोलेनाथ की परिक्रमा की। साथ ही भगवान भोलेनाथ के दरबार में मत्था टेका और सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद शोभायात्रा का हुजूम करमचंद स्टेडियम जरिया में पहुंचकर एक जतरा समारोह में बदल गया। जहां जरिया, गड़गांव व गड़हाटोली समेत दर्जनों गांवों के खोड़हा टीमों ने मनमोहक परंपरागत जतरा नाच गान प्रस्तुत किया। वहीं समारोह को सफल बनाने में जनजातीय समाज के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सराहनीय योगदान दिया।

महत्वपूर्ण न्यूज

ओरमांझी के डोमा नदी में सज गया घाट छठ व्रतियों ने किया खरना अनुष्ठान

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। रविवार को अस्त होते हुए और सोमवार को उदय होते हुए सूर्य को डोमा नदी घाट और शंकर घाट आदि घाटों पर अर्घ्य दिया जाएगा। नदी घाटों पर दिये जाने वाले अर्घ्य को लेकर मार्ग से लेकर छठ घाटों की सज्जा देखते ही बन रही है। सज्जा देख ऐसा प्रतीत हो रहा है कि छठी मईया और भगवान भास्कर साक्षात धरती पर उतर आयी हैं। सूर्योपासना के दूसरे दिन छठव्रतियों ने शनिवार को शाम में खरना अनुष्ठान किया। खरना पूजा को लेकर व्रती सुबह से ही नहा धोकर पूजा हेतु गाय के दूध की खीर, घी लगी रोटी, कहीं अरबा चावल, चना दाल, चावल का लड्डू आदि बनाती दिखीं। डोमा नदी छठ घाट की सज्जा में सन्तोष कुमार गुप्ता उर्फ झुन्की और शंकर घाट की सज्जा में अरबिंद कुमार बब्लू की टीम का योगदान सराहनीय है।

अनगड़ा में छठव्रतियों ने किया खरना अनुष्ठान

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ का शनिवार को दूसरा दिन है। शनिवार को खरना के साथ हीं व्रतियों के 36 घंटे का निर्जला व्रत आरंभ हो गया है। इसके बाद व्रती अन्न या जल कुछ भी व्रत पूरा होने तक ग्रहण नहीं करते हैं। अर्ध्य के लिए गेतलसूद, जोन्हा, गोंदलीपोखर, हेसल, तुरुप, सिमलिया, मसनिया, महेशपुर, लुपुंग, लालगढ़, चिलदाग, अनगड़ा, हाहे आदि छठ घाटों की साफ-सफाई की गई तथा विद्युत साज-सज्जा किया गया। रविवार की शाम सभी व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य और सोमवार की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने के साथ हीं छठ महापर्व का समापन होगा।

नामकुम में छठ व्रतधारियों के बीच पूजन सामग्री का किया गया वितरण

नामकुम (आजाद सिपाही)। फुटपाथ संघ नामकुम रेलवे स्टेशन की ओर से नामकुम में सैकड़ों छठव्रत धारियों के बीच निशुल्क फल एवं पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर वार्ड 47 की पार्षद कविता सांगा ने कहा कि भगवान सूर्य की पूजा करने से पूरे जगत का कल्याण होता है। हिंदू सनातन धर्म में लोग उगते हुये सूरज की पूजा कर अपने सफल समाज के मंगल कामना करते है। वहीं, दूसरी तरफ नामकुम समाजसेवी विनोद सिंह ने छठव्रतियों के बीच पीतल के परात का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में किरण सांगा, कविता सांगा, बादल सांगा, जयराम ठाकुर, सतीश पॉल मुंजनी, महेश ठाकुर, नवल किशोर महतो, उमाशंकर ठाकुर, संतोष जयसवाल, सुरेंद्र राय, मालती देवी, जानकी साव, शैलेश सिंह, मनोज सिंह, रीता देवी, शिवजी सिंह, अमरनाथ महतो सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

नामकुम में छठव्रतियों ने किया खरना

नामकुम (आजाद सिपाही)। लोकआस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को खरना मनाया गया। व्रतियों के साथ-साथ घर के सदस्यों ने गुड़ से बने खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। व्रतियों ने पूरे दिन निर्जला व्रत किया और शाम को गुड़ और अरवा चावल से बनी खीर भगवान को भोग लगाया। पीतल के थाल में भोग लगाया गया। भगवान को लगाये गये भोग में से व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, घर के सदस्यों, अतिथियों ने भी यह प्रसाद ग्रहण किया। छठ व्रती प्रसाद ग्रहण करने के बाद सोमवार सुबह तक निर्जला उपवास करेंगी। इस तरह इन व्रतियों का करीब 36 घंटे का निर्जला उपवास आरंभ हो गया। रविवार को छठी मईया का रूप मानकर व्रती डूबते सूर्य को शाम अर्घ्य देंगे। इसके बाद रविवार सुबह उगते हुये सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। संगीता ओझा ने बताया कि यही एक पर्व है जिसमें अस्ताचल गामी सूर्य की भी पूजा होती है।

टाना भगत समुदाय के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बीडीओ से की मुलाकात

बेड़ो (आजाद सिपाही)। टाना भगत समुदाय का प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शनिवार को बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार से मिला। उन्होंने बीडीओ को बताया कि एनएच चौड़ीकरण के कारण आदिवासी आवासीय विद्यालय बारीडीह का काफी बड़ा हिस्सा रोड में आ जाने के कारण वर्तमान विद्यालय में विद्यालय चलाने हेतु पर्याप्त जगह नहीं रह जाएगा। अतः इसके वैकल्पिक व्यवस्था हेतु टाना भगत समुदाय द्वारा वैकल्पिक सुझाव दिए गए। इसके अतिरिक्त टाना भगतों ने ग्राम खक्सीटोली में टाना भगत स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारक स्थल का सुंदरीकरण एवं स्मारक स्थल के रूप में विकसित करने का आग्रह किया।

छठ व्रतियों ने खरना का प्रसाद ग्रहण कर सभी के लिए सुख शांति की मंगल कामना की

कांके (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में छठव्रतियों ने आज शाम खरना का प्रसाद ग्रहण किया और परिजनों सहित सभी के लिए मंगल कामना की। छठ व्रतियों ने सभी के बीच खरना का प्रसाद खीर पुडी का भी वितरण किया। इसी के साथ छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी आरंभ हो गया। कल रविवार को छठव्रती क्षेत्र के कांके डैम, आईआईसीएम रोड स्थित पोटपोटो नदी छठ घाट,कांके पिठोरिया रोड स्थित चुरीन गढ़हा जुमार नदी छठ घाट, बोएपू जुमार नदी छठ घाट, बोडिया स्थित पोटपोटो नदी छठघाट,सुकुरहुटू छठ तालाब, और अन्य जलाशयों में अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को और सोमवार सुबह को उदय मान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पण करेंगी। क्षेत्र के सभी छठ घाटों की साफ-सफाई भी कराई गई है। छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री भी वितरित की जाएगी।

बीसीसीआइ का सराहनीय फैसला

महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को पुरुष खिलाड़ियों के बराबर मैच फीस देने का बीसीसीआइ का फैसला न केवल महिला खिलाड़ियों का मनोबल ऊंचा करने वाला है, बल्कि यह क्रिकेट में एक नये दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। ध्यान रहे बीसीसीआइ ऐसा फैसला करने वाला दुनिया का दूसरा ही क्रिकेट बोर्ड है। न्यूजीलेंड क्रिकेट को छोड़ दें तो दुनिया भर में अभी भी महिला क्रिकेटरों को पुरुष क्रिकेटरों के मुकाबले कम फीस मिलती है। हालांकि समान काम के लिए कम पारिश्रमिक की व्यवस्था खिलाड़ियों के मनोबल और आत्मविश्वास के साथ-साथ उनकी गरिमा को भी चोट पहुंचाती है। आज के दौर में जब रंग, नस्ल, जाति और धर्म पर आधारित तमाम भेदभाव दूर करने की बात हो रही है और एक-एक कर विभिन्न देश-समाज इनसे पीछा छुड़ाते चल रहे हैं, तब क्रिकेट या किसी भी पेशे में लिंग के आधार पर भेदभाव की व्यवस्था कायम रखने की कोई वजह नहीं है। उचित ही बीसीसीआइ के इस फैसले का देश-विदेश में स्वागत किया जा रहा है। अगर देश में महिला क्रिकेट के नजरिए से देखा जाये तो 2006 में बीसीसीआइ के अंतर्गत आने के बाद से यह बेहतरी की ओर बढ़ता हुआ दिखा है। हालांकि यह यात्रा भी उतार-चढ़ाव और जटिलताओं से भरी रही है, लेकिन उससे पहले के हालात के मुकाबले देखें तो इसमें संदेह नहीं कि बीसीसीआइ ने देश में महिला क्रिकेट को पैरों के नीचे ठोस जमीन मुहैया करायी है। मगर सपनों की उड़ान आसान नहीं होती। उसके लिए हौसले पहली शर्त होते हैं। ताजा फैसला लैंगिक भेदभाव से मुक्ति तो देता ही है, बुनियादी सुविधाओं की भी काफी हद तक गारंटी देता है।

हर साल होने वाले मैचों की संख्या में ही इतना बड़ा अंतर है कि समान फीस होने के बावजूद महिला खिलाड़ी पुरुषों के बराबर कमाई की सोच ही नहीं सकतीं। उसके अलावा सालाना रिटेनरशिप में भी अच्छा खासा अंतर है।

इस फैसले की बदौलत देश में महिला खिलाड़ियों को पहले के मुकाबले तीन गुने से लेकर छह गुने तक ज्यादा मेहनताना मिलेगा। महिला क्रिकेट आइपीएल की शुरुआत को भी इसी कड़ी में एक और पॉजिटिव घटनाक्रम के रूप में देखा जाना चाहिए। हालांकि यह बात भी सही है कि इन कदमों से महिला और पुरुष क्रिकेटरों की आमदनी का अंतर कम नहीं होने वाला। हर साल होने वाले मैचों की संख्या में ही इतना बड़ा अंतर है कि समान फीस होने के बावजूद महिला खिलाड़ी पुरुषों के बराबर कमाई की सोच ही नहीं सकतीं। उसके अलावा सालाना रिटेनरशिप में भी अच्छा खासा अंतर है। अगर मॉडलिंग के जरिए होने वाली कमाई की बात करें तो भी पुरुष क्रिकेटर जितने बड़े ब्रैंड बन चुके हैं, महिला क्रिकेटर अभी मुकाबले की सोच भी नहीं सकतीं। लेकिन मुद्दा सबको कमाई के एक स्तर पर लाना नहीं, बीसीसीआइ के नजरिए में निहित लैंगिक पूर्वाग्रह को दूर करना है। ताजा फैसले से उसकी शुरुआत हो गयी है। नजरिया पूर्वाग्रहरहित बना रहा तो भविष्य के फैसलों पर उसका असर ज्यादा से ज्यादा स्पष्ट होता जायेगा। अब जरूरत इस बात की है कि बीसीसीआइ ने जो पहल की है, उससे दुनिया के अन्य क्रिकेट बोर्ड और अन्य खेलों का प्रबंधन देख रहे संस्थान भी प्रेरणा लें।

अभिमत
आजाद सिपाही

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में डॉक्टरों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा शिक्षा राज्य क्षेत्र में ही दी जानी चाहिए। मिक्सोपैथी के बजाय केवल चिकित्सा प्रणाली के साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक पद्धति की अनुमति दी जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित उपायों के माध्यम से अच्छा पोषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तथा सभी राज्यों में निःशुल्क नाश्ता योजना उपलब्ध करायी जाये।

राजनीतिक पार्टियां सुनिश्चित करें कि स्वास्थ्य मौलिक अधिकार हो

डॉ अरुण मित्रा

लोकतंत्र यह तय करने का एक साधन है कि हम कैसे शासित होना चाहते हैं। इसलिए मतदाताओं को लुभाने तथा उनके मत प्राप्त कर सत्ता की सीट तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दल अपना एजेंडा तय करते हैं। वे लोकलुभावन नारे देते हैं, परन्तु उन्हें पूरा कर पाते हैं या नहीं यह एक अलग सवाल है। हमारे देश के गरीबी से त्रस्त समाज में राहत की थोड़ी सी मात्रा भी बहुत मायने रखती है। शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज के लिए संपत्ति हैं और समावेशी तथा समग्र विकास के लिए आधार हैं। लेकिन एक के बाद एक सरकारों ने उन पर उचित ध्यान नहीं दिया।

किसी भी व्यक्ति के लिए काम करने और मानव-दिवस में पूरी क्षमता से योगदान करने के लिए स्वास्थ्य प्राथमिक आवश्यकता है। परन्तु चिंताजनक बात यह कि भारत में जीवित जन्मे प्रत्येक 1000 बच्चों में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 27.7 है, और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में यह 32 है जबकि मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 103 प्रति 100,000 है। यह शर्म की बात है कि विश्व भूख सूचकांक में भारत 120 देशों में से 107वें स्थान पर है। खराब योजना और बुनियादी ढांचे के कारण मलेरिया, तपेदिक, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर आदि जैसी बीमारियां कोविड महामारी के दौरान उपेक्षित रहीं। कोविड के कारण भी हमने 25 से 40 लाख लोगों को खो दिया। इसलिए टुकड़ों में दृष्टिकोण रखने के बजाय नागरिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों के बाद शुरू की गई बीमा आधारित स्वास्थ्य प्रणाली लोगों को व्यापक स्वास्थ्य सेवा देने में विफल रही है, इसके बजाय यह सार्वजनिक धन से कॉर्पोरेट क्षेत्र में पैसा लगाने का साधन बन गई है। आयुष्मान

भाकपा ने हाल ही में स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार के रूप में मांगने का संकल्प लिया है

स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च का करीब 67 फीसदी दवाओं पर खर्च होता है। लेकिन आज तक हमारे पास तर्कसंगत औषधि नीति का अभाव है। इससे फार्मास्युटिकल कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं। दवाओं की बिक्री में उच्च व्यापार मार्जिन पर रोक लगाने के लिए सरकार ने एक समिति नियुक्त की थी जिसने दिसंबर 2015 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। समिति ने व्यापार मार्जिन को सीमित करने की सिफारिश की थी। लेकिन सात साल बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया है।

भारत सहित सभी बीमा प्रणालियां केवल इनडोर देखभाल को कवर करती हैं, जबकि लगभग 70 फीसदी खर्च ओपीडी देखभाल पर होता है। केवल ईएसआई योजना, ईसीएचएस और सीजीएचएस रोगियों के बाहरी और इनडोर देखभाल दोनों को कवर करती हैं। सरकार स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी लेने के बजाय विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों को निजी क्षेत्र को आउटसोर्स कर रही है। जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सहित सरकारी अस्पतालों को निजी नियंत्रण में लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह आगे निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल से वंचित करेगा।

स्वास्थ्य पर होने वाले कुल खर्च का करीब 67 फीसदी दवाओं पर खर्च होता है। लेकिन आज तक हमारे पास तर्कसंगत औषधि नीति का अभाव है। इससे फार्मास्युटिकल कंपनियां भारी मुनाफा कमा रही हैं। दवाओं की बिक्री में उच्च व्यापार मार्जिन पर रोक लगाने के लिए सरकार ने एक समिति नियुक्त की थी जिसने दिसंबर 2015 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। समिति ने व्यापार मार्जिन को सीमित करने की सिफारिश की थी। लेकिन सात साल बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति वचनबद्धता के साथ स्वास्थ्य की जिम्मेदारी सरकार की हो। दुर्भाग्य से स्वास्थ्य किसी भी राजनीतिक दल के लिए प्राथमिकता का एजेंडा नहीं है। इंडियन डॉक्टर्स फॉर पीस एंड डेवलपमेंट (आईडीपीडी) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में पंजाब के पूर्व निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ तेजबीर सिंह ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवा को न्यायसंगत बनाया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य सेवा को मौलिक अधिकार घोषित करना होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के संविधान की समीक्षा करने के बाद उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि किसी भी राजनीतिक दल ने स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार बनाने को नहीं कहा। भाजपा ने स्वास्थ्य बीमा प्रणाली के विस्तार की वकालत की है। कांग्रेस ने स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को दोगुना करने की मांग की है। वाम दलों ने स्वास्थ्य पर सार्वजनिक खर्च को जीडीपी के 6 फीसदी तक बढ़ाने की मांग की है। आम आदमी पार्टी मोहल्ला क्लीनिक की वकालत कर रही है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने हाल ही में स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार के रूप में मांगने का संकल्प लिया है। यह एक स्वागतयोग्य कदम है जिसका सभी राजनीतिक दलों को पालन करना चाहिए। राजनीतिक दलों को सभी के लिए एक व्यापक स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रयास करना चाहिए, जिसके लिए उन्हें स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार घोषित करने की मांग के लिए मुखर रूप से आगे आना चाहिए। यह उनका मुख्य एजेंडा बनना चाहिए।

इसके साथ ही स्वास्थ्य पर सार्वजनिक व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के वर्तमान 1.28 फीसदी से बढ़ाकर 6 फीसदी किया जाना चाहिए। सभी दवाओं, टीकों और चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के माध्यम से किया जाना चाहिए ताकि एकमात्र उद्देश्य के रूप में लाभ के बिना दवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। दवाओं के उत्पादन में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों द्वारा सक्रिय दवा सामग्री का भी उत्पादन किया जाना चाहिए।

बीमा आधारित स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को त्याग दिया जाना चाहिए और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए। सभी उपचार, जांच और सेवाएं मुफ्त दी जानी चाहिए। चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिक्स, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित चिकित्सा कर्मचारियों को स्थायी आधार पर नियुक्त किया जाना चाहिए। सभी अस्थायी कर्मचारियों को स्थायी किया जाये। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में डॉक्टरों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा शिक्षा राज्य क्षेत्र में ही दी जानी चाहिए। मिक्सोपैथी के बजाय केवल चिकित्सा प्रणाली के साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक पद्धति की अनुमति दी जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित उपायों के माध्यम से अच्छा पोषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तथा सभी राज्यों में निःशुल्क नाश्ता योजना उपलब्ध कराई जाए।

सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) का विस्तार वयस्कों तक किया जाना चाहिए। सर्विक्स कैंसर को रोकने के लिए सभी लड़कियों और युवा महिलाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण प्रदान करें। यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में इन्फ्लूएंजा के टीके, न्यूमोकोकल वैक्सीन, जोस्टर वैक्सीन जैसे नये टीकों को शामिल किया जाना चाहिए। राजनीतिक दल जनता की राय से चलते हैं। इसलिए प्रत्येक राजनीतिक दल को स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार के रूप में अपनी प्राथमिकता के एजेंडे के रूप में लेने के लिए मजबूर किया जाना चाहिए।

जमशेदपुर की खबरें

जमशेदपुर सूर्य मंदिर परिसर में नहीं होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम : उपायुक्त

सूर्य मंदिर परिसर के मामले को लेकर उपायुक्त ने पूर्व मुख्यमंत्री के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बीते दिन छठ पूजा के अवसर पर सिदगोड़ा सूर्य मंदिर परिसर में हंगामा को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के साथ बैठक की। शनिवार को सर्किट हाउस में बैठक लगभग एक घंटे तक चली। बैठक में उपायुक्त के अलावा एसडीओ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद उपायुक्त ने साफ कर दिया सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा कोई कार्यक्रम का आयोजन नहीं होगा। परिसर में कोई भी कार्यक्रम करने से पहले प्रशासन की अनुमति लेनी होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने अपना पक्ष रखते हुए कहा उनका सांस्कृतिक कार्यक्रम कई साल से होता आ रहा है। इसलिए जिला प्रशासन उनके कार्यक्रम को होने दे।

मौके पर उपायुक्त ने बताया मंदिर में छठ पूजा पर कोई पाबंदी नहीं है। उपायुक्त ने कहा इस बार इसे लेकर मारपीट की घटना घटी है जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। विधायक को वहां कार्यक्रम होने पर एतराज है। इसीलिए इस बार राजनीतिक पार्टी का कोई कार्यक्रम नहीं होने दिया जायेगा। छठ व्रती आराम से पूजा पाठ करें। उन्होंने कहा मंदिर परिसर में रैपिड एक्शन फोर्स के अलावा मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिये गये हैं। प्रशासन की सभी पहलुओं पर नजर है। कानून-व्यवस्था बिगाड़ने के लिए किसी को भी अनुमति नहीं है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम रोका, तो भुगतने होंगे गंभीर परिणाम : रघुवर

इधर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शनिवार को सूर्य मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी और स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि डीसी-एसपी जनता के नौकर हैं। उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को मंदिर कमेटी भंग करने का अधिकार नहीं है। यह काम ट्रस्ट के रजिस्ट्रार का है। हालांकि जिला प्रशासन ने मंदिर कमेटी को भंग नहीं किया है। बैठक के दौरान ही अनुमंडल अधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा और अपर जिला दंडाधिकारी नंदकिशोर लाल भी वहां पहुंचे तो माहौल और गरमा गया। रघुवर समर्थक विधायक सरयू राय के समर्थकों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। रघुवर समर्थकों ने कहा कि छठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। हम भले ही सोन मंडप मैदान में कार्यक्रम नहीं करेंगे, लेकिन सूर्य मंदिर परिसर में तो कार्यक्रम हो सकता है। इसमें किसी को क्या आपत्ति हो सकती है। रघुवर ने कहा कि छठ पर प्रथम अर्घ्य के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होकर रहेगा। इसे रोकने की जो भी कोशिश करेगा, उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसी बवाल के बीच पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और विधायक सरयू राय के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को व्रतियों के बीच छठ सामग्री का वितरण किया। रघुवर ने यह कार्य सूर्य मंदिर परिसर में किया, जबकि सरयू राय के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने सोनारी में जनसुविधा ट्रस्ट के बैनर तले और बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में जरूरतमंद छठ व्रतियों के बीच सूप, फल और पूजन सामग्री वितरित की।

सुनियोजित थी घटना : सरयू राय

इस बीच विधायक सरयू राय बेंगलुरु से शनिवार को यहां लौटे और घायलों से टीएमएच में जाकर मिले। उन्होंने कहा कि सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में शुक्रवार को जो घटना घटी, वह सुनियोजित थी। घटना में भाजमो जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार श्रीवास्तव, लक्ष्मी देवी समेत अन्य को काफी चोटें आयी हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वे सभी से मिलेंगे। इसके पहले घटना का सीसीटीवी फुटेज उन्होंने देखा है। फुटेज के माध्यम से पहचान कराने का काम किया जायेगा कि कौन भाजपाई है और कौन बाहरी। पहचान नहीं होने पर उसकी तस्वीर टोला-मुहल्ला में लगा कर लोगों से पहचान कराने का प्रयास करेंगे। इस बीच प्रशासन का दायित्व भी देखेंगे।

दिनेश, राकेश सिंह और चिंटू को मिली धमकी

इसी बीच भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष दिनेश कुमार, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह और सनातन उत्सव समिति के अध्यक्ष चिंटू सिंह ने आरोप लगाया है कि उनको जान मारने की धमकी मिली है।

इन्होंने इसकी शिकायत उपायुक्त से की है, जिसमें बताया है कि सरयू समर्थक और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष रामनारायण शर्मा के बेटे अमित शर्मा ने राकेश सिंह के घर और चिंटू सिंह के पिता को उनके होटल में जाकर धमकी दी है कि बेटों को संभाल लो, वरना गोली मार देंगे। दिनेश के घर तीन अज्ञात युवकों द्वारा धमकी देने की बात सामने आ रही है। उपायुक्त के निर्देश पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

सिंहभूम चैंबर का दीपावली मिलन समारोह दो नवंबर को, सपरिवार सभी सदस्य होंगे शामिल

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बिस्टुपुर सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 2 नवंबर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री प्रत्येक वर्ष दीपावली के बाद अपने सदस्य सपरिवार दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाता है। इस बार चेंबर भवन में 2 नवंबर को संध्या 7:00 बजे से दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मौके पर सभी सदस्य अपने परिवार के साथ शामिल होंगे। उन्होंने बताया दीपावली मिलन समारोह में सदस्यों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। उसके उपरांत सहभोज की व्यवस्था होगी। मौके पर चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष, जनसंपर्क एवं कल्याण मुकेश मित्तल एवं सचिव, जनसंपर्क एवं कल्याण भरत मकानी ने चैम्बर के सदस्यों से आग्रह किया है वे दीपावली मिलन समारोह में सपरिवार उपस्थित होकर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सहभोज का आनंद उठायें। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष, व्यापार एवं वाणिज्य नितेश धूत, उपाध्यक्ष वित्त एवं कराधान सीए दिलीप गोलेच्छा, उपाध्यक्ष, उद्योग महेश सोंथालिया, सचिव व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी, सचिव, वित्त एवं कराधान पीयूष चौधरी, सचिव, उद्योग सावरमल शर्मा,कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा एवं अन्य कार्यसमिति के सदस्य तैयारी में जुटे हैं।

चंपई कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के बिरसा मुंडा स्टेडियम में सरायकेला टाइगरव के तत्वाधान में दो दिवसीय चम्पई कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शनिवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन जिले के उपायुक्त अरवा राजकमल, जिला परिषद के अध्यक्ष सोनाराम बोदरा व एसडीओ रामकृष्ण कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल को किक मारकर किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा राज्य में सहाय योजना के तहत खेल को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने कहा खिलाड़ी अनुशासित ढंग से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर खेल के क्षेत्र में बेहतर कैरियर बना सकते हैं। पहला मैच बिरसा क्लब बारुडीह बनाम आदित्यपुर टाइगर के बीच खेला गया जिसमें आदित्यपुर टाइगर विजेता रहा। मौके पर जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, एसडीओ रामकृष्ण, डीएसओ प्रमोद झा, डॉ वारियल मार्डी, जलेश कवि, मुखिया सोमा पूर्ति समेत अन्य उपस्थित रहे।

विधायक ने छठ घाटों का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुविधा का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान विधायक ने शिव घाट और पार्वती घाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर चारो तरह भक्तिमय का माहौल है। शनिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने जुगसलाई नगर परिषद क्षेत्र का दौरा कर छठ घाट में चल रही साफ-सफाई व सुरक्षा का निरीक्षण किया। मौके पर नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी जगदीश प्रसाद यादव उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने शिव घाट और पार्वती घाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। विधायक ने विशेष पदाधिकारी से क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाएं, छठ घाट पर साफ-सफाई और छठ व्रतियों की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा आस्था के महापर्व छठ पूजा में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसको ध्यान में रखते हुए छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। श्रद्धालुओं को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नगर परिषद को निर्देश दिया गया। मौके पर राजन मिश्रा, मुकेश शर्मा, प्रेम तिवारी,श्यामू मलिक, सोनू सिंह,मोहम्मद शमशाद, झामुमो कार्यकर्ता व नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे।

छोटा गोविंदपुर में पार्षद ने कराया कृत्रिम छठ घाट का निर्माण

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सूर्य उपासना व लोक आस्था के महापर्व छट पूजा के अवसर पर जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह ने अपने निजी खर्च से जेसीबी व ट्रैक्टर के मदद से गोविंदपुर एवं आसपास के गोवर्धन पार्क,वीर शिवाजी पार्क, करपुरी पार्क, तीन तल्ला चौक,पुतुल मैदान में कृत्रिम छठ घाट का निर्माण कराया। सभी कृत्रिम छठ घाटों में विभिन्न कंपनियों के माध्यम से जल आपूर्ति करवाया जा रहा है। साफ सफाई के बाद ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करवाया गया। टाटा स्टील द्वारा प्रदत स्लैग से सड़क बनाया गया। इसके अलावा अमलतास सिटी, जनता स्कूल छठ घाट के साफ-सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया।

जिला प्रशासन ने किया फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन

दौड़ में लगभग 317 खिलाड़ियों ने भाग लिया

सफल खिलाड़ियों को अतिथियों ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय तथा जिला प्रशासन गुमला की ओर से फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन शनिवार को गुमला के अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। जिसमें अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से बूढ़ा बाबा शिव मंदिर तक दौड़ किया गया। फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत वर्ष 2020 से किया जा रहा है। इस दौरान लगभग 317 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फ्रीडम रन 3.0 का आयोजन आजादी के 75 साल फिटनेस रहे बेमिसाल स्लोगन से किया गया। प्रतियोगिता में गुमला जिले के डे बोर्डिंग और आवासीय क्रीडा सेंटर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी विजय बिरवा, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बून के द्वारा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान आकाशदीप किंडो, द्वितीय स्थान विकास कुजूर, तृतीय स्थान में जगनू ओरोन, चतुर्थ स्थान में जीवन पूर्ति, पांचवा तेमसून हेमरोम, छठवां में दीपास एक्का को पुरस्कार देकर प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगवार ने सम्मानित किया। इस दौरान कोच वीणा केरकेट्टा, पीटर किंडो रिजवान अली, आनद कुजूर मौजूद थे।

झानद ने शहर में जलापूर्ति के लिए कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंपा

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल, गुमला नगर परिषद द्वारा पी.एच.डी गुमला के कार्यपालक अभियंता को ज्ञापन सौंप कर शहर में बंद जलापूर्ति अविलंब शुरू करने की मांग की है। छठ महापर्व के ठीक पूर्व विगत तीन दिनों से शहर में जलापूर्ति बंद होने से शहरवासियों में भारी आक्रोश है। झारखंड आंदोलनकारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के गुमला नगर परिषद प्रभारी अजीत विश्वकर्मा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में स्थानीय सांसद, विधायक व नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं की जाने की आलोचना भी की गई है। आगे उन्होंने यह भी कहा है कि शहरवासियों को शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था कर जलापूर्ति नहीं किये जाने की स्थिति में झारखंड नवनिर्माण दल विभाग का घेराव करेगी। श्री विश्वकर्मा ने शहरवासियों से यह भी अपील की है कि छठ महापर्व के बाद आम लोगों को ऐसी समस्या को लेकर दल द्वारा शहर में आंदोलनात्मक पहल कदमी ली जाएगी जिसमें बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करने को कहा है।

तमिलनाडू से चैनपुर प्रखंड के बेंदौरा किरताटोली टोली पहुंचा मजदूर का शव

गुमला (आजाद सिपाही)। जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बेंदौरा किरताटोली के मजदूर अशोक बड़ा का शव तमिलनाडू से उसके घर पहुंचा। मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन और उनकी टीम के लगातर प्रयास के बाद उक्त मजदुर का शव हवाई जहाज से रांची तक लाया गया। झारखंड प्रदेश सचिव ने कहा की हमारी कोशिश है कि मजदूरों को उनका हक मिले। अब यह प्रयास रंग ला रहा है। और जो मजदूर वर्ग गरीब वर्ग किसान वर्ग असहाय वर्ग के नाम से राजनिति करते है वो अब मजदुर हित में कार्य करें। उन्हे होशियार हो जाने की जरूरत है। परिजनो ने शव पहुंचने के बाद मृतक के पैतृक गांव बेंदौरा किरताटोली में उसका अंतिम संस्कार किया। परिजनो ने शव को मंगवाने में सहायता करने वाले सभी सहयोगियों का धन्यवाद किया है।

छठ महापर्व : डीसी ने घाटों पर तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये निर्देश

छठ व्रतियों की सुविधाओं का रखें पूरा ध्यान

शहर के भट्टी तालाब और वनतालाब का निरीक्षण कर पानी को और अधिक साफ करने के लिए ब्लीचिंग या चूना की मात्रा को बढ़ाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शनिवार अपराह्न छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया। सबसे पहले सिसई प्रखंड अंतर्गत नागफेनी नदी तट पर स्थित छठ स्थल का निरीक्षण उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ किया। यहां उन्होंने स्थानीय छठ पूजा समिति के लोगों के अलावा मुखिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी से अब तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। तदोपरांत उन्होंने निर्देश दिया कि छठ व्रतियों के सुविधा को देखते हुए पर्याप्त व्यवस्था, गोताखोर, बैरिकेडिंग आदि भी समय से करवा ली जाये। उक्त छठ स्थल की व्यवस्था राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की टीम, प्रखंड और पंचायत की टीम के साथ-साथ स्थानीय स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।

उन्होंने सिसई बीडीओ तथा सीओ को भी निर्देश दिया कि वे अपनी निगरानी में अपने स्तर पर भी निगरानी दल तथा वॉलिंटियर्स लगायें।

उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत भट्टी तालाब तथा वन तालाब का भी निरीक्षण किया। भट्टी तालाब में पानी को और अधिक साफ करने हेतु ब्लीचिंग या चूना की मात्रा को बढ़ाने का निर्देश दिया, वहीं सभी तालाबों के पहुंच पथों को भी सुगम बनाने का निर्देश दिया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रशिक्षु आईएएस तथा कार्यपालक पदाधिकारी सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

इंडोर स्टेडियम को हरसंभव सुविधाओं से किया जा रहा है परिपूर्ण : उपायुक्त

बसिया प्रखंड में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने आज गुमला जिले के बसिया प्रखंड में नये बन रहे इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी बसिया के स्टेडियम की बाउंड्री लाइन निर्माण करने का निर्देश दिया। उन्होंने 10 केबी रूफ टॉप सोलर लाइट लगवाने, झंडोत्तालन के लिए स्थान बनाने, योगा हॉल तथा बैडमिंटन कोर्ट आदि की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। स्टेडियम के निकट पार्क का निर्माण करने, ओपन जिम बनवाने का भी कार्य प्रारंभ करने की बात कही। उपायुक्त ने स्टेडियम के समीप पुस्तकालय निर्माण करने पर विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने जलमिनार व सोक पिट बनाने हेतु प्रस्ताव की मांग की। उन्होंने एसडीओ बसिया को इंडोर स्टेडियम में अन्य आवश्यकताओं को चिन्हित करते हुए प्रस्ताव तैयार करके देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में नयी पीढ़ी के व्यक्तित्व विकास के लिए हरसंभव सुविधा उपलब्ध हो सके इस सोच के साथ इंडोर स्टेडियम को हरसंभव सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी बसिया, थाना प्रभारी के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

तेलगांव पंचायत में कांग्रेस कमेटी का गठन

बढ़ती महंगाई व सामाजिक रिश्तों का टूटता ताना-बाना देश के लिए घातक : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला 20 सूत्री समन्वय समिति के सदस्य व कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी की निगरानी में गुमला सदर प्रखंड अंतर्गत तेलगांव पंचायत कि कांग्रेस समिति का गठन किया गया। पदाधिकारियों के चयन के इस कार्यक्रम में श्री रमेश ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए वार्ड और बूथ स्तर पर भी समितियों का गठन करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक बार अंग्रेजों से आजादी दिलायी थी अब फिर एक बार भारतीयों को आर्थिक व सामाजिक आजादी दिलाने की जरूरत आ पड़ी है। बढ़ती महंगाई और सामाजिक रिश्ता का टूटता हुआ ताना बाना देश के लिए घातक है। कांग्रेस पार्टी देश के विकास के हर पहलुओं पर गौर करती है। वहीं उपाध्यक्ष अकील रहमान ने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो देश को सही दिशा में ले जा सकती है। भारतीय संस्कृति, भारतीय सभ्यता और भारत की अनेकता में एकता वाली मिसाल को कायम रखना हर सियासी पार्टी के बूते की चीज नहीं। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमें जितने भी अधिकार देता है वह अधिकार वर्तमान में छीनने का काम किया जा रहा है। जिसे कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष के रूप में नमन भिसटोलोनी टोप्पो, उपाध्यक्ष इग्नेसियस कुजूर, देवंती टोप्पो व विजय बाड़ा को बनाया गया। महासचिव फ्रांसिस जेवियर चुने गए। कोषाध्यक्ष मदन मोहन यादव चयनित हुए। मौके पर डेलीगेट सुसेना लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर मौजूद थे।

युवक को अपराधियों ने चाकू मारा, रिम्स रेफर

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के भट्ठी तालाब के समीप अपराधियों ने एक युवक के प्राइवेट पार्ट पर चाकू मार दिया। घटना शुक्रवार की रात तकरीबन 10 बजे घटी है। बताया जा रहा है कि घटना के समय काफी अंधेरा था। जिस कारण घायल अपराधियों को नहीं पहचान सका। लेकिन घायल की चीखने की आवाज पर आसपास के कुछ लोग मौके पर पहुंच गए। आसपास में अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन रात्रि करीब 11 बजे इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया और गंभीर स्थिति देखते हुए उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक घायल युवक का नाम साजिद अंसारी है और वह गौस नगर का निवासी है। कुछ दिन पूर्व वह गुमला जेल से छूट कर बाहर आया था और किसी काम को लेकर भट्ठी तालाब की ओर गया था। इसी दौरान उस पर जानलेवा हमला हुआ। घटना की सूचना पर मजदूर नेता जुम्मन खान देर रात अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। साथ ही पुलिस प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पशु हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिसई (आजाद सिपाही)। इटकी थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी परवेज अंसारी (38) को उसके घर से गिरफ्तार कर शनिवार को सिसई पुलिस ने जेल भेज दिया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि परवेज अंसारी पशु हत्या का आरोपी है। उसके विरुद्ध अवैध रूप से पशु हत्या को लेकर प्राथमिकी दर्ज है।

महत्वपूर्ण न्यूज

घाघरा प्रखंड क्षेत्र में छठ व्रतियों ने किया खरना श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के तमाम गांवों में छठ महापर्व का खरना प्रसाद ग्रहण कर छठव्रतियों ने उपासना प्रारंभ की। इस निमित्त पूरे प्रखंड में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। श्रद्धालु छठ व्रती के यहां घूम-घूम कर प्रसाद ग्रहण किये और आशीर्वाद लिये। साथ ही सुख समृद्धि की प्रार्थना भी की। खरना प्रसाद ग्रहण के साथ ही अगले दिन रविवार की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। वहीं छठ व्रती सोमवार को उदयांचल सूर्य को अर्घ्य देकर उपासना सम्पन्न करेंगी।

चिल्ड्रेन एकेडमी में स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती पर विद्यार्थियों के बीच पौधों का वितरण

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रन्हे ग्राम स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी विद्यालय में स्व. कार्तिक उरांव की जयंती शनिवार को मनायी गयी। इस मौके पर कार्तिक उरांव के चित्र पर माल्यार्पण व दीपार्जन किया गया। विद्यालय के निदेशक विजय कुमार साहू ने कहा कि महापुरुष स्व. कार्तिक उरांव की जयंती मनाने का उद्देश्य उनके विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराना तथा उनके पद चिन्हों को जीवन में अमल करना है। स्व. कार्तिक उरांव झारखंड के महान विभूति में से एक थे, वह आदिवासियों के मसीहा थे। जिन्होंने अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद का गठन कर आदिवासियों को संगठित करने और उन्हें शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से आगे बढ़ाने का जीवन प्रयत्न प्रयास किया। इस मौके पर 200 विद्यार्थियों के बीच पौधा वितरण किया गया और उसे लगाकर उसकी देखरेख करने की बात कही गई। मौके पर मुख्य रूप से विजय कुमार साहू, सुशील कुमार, मीना देवी, रश्मि कुमारी, प्रेम कुमार, राहुल कुमार, प्रकाश कुमार, सोनाली कुमारी, भारती कुमारी, निधि कुमारी, रीना कुमारी, रेशमी कुमारी, मालती कुमारी व प्रवीण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

कार्तिक उरांव आदिवासी समाज के मसीहा थे : बीडीओ

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर 98वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को प्रखंड प्रमुख सबिता देवी, बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप सहित अन्य कर्मियों ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने कहा बाबा पंखराज ने पूरे देश में एक अलग पहचान दिलायी है। आदिवासी समुदाय के लिए कई कार्य किये हमें उनके पदचिन्हों पर चलने की जरूरत है। उनके कार्य से आज आदिवासी समाज के लोग उन्हें मसीहा मानते हैं। उनके आदर्श को हम सभी को मानने की जरूरत है। मौके पर प्रखंड के कई कर्मी, अनगनबाड़ी सेविका, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक और कई कर्मी उपस्थित थे।

बीडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय के कई छठ घाटों का बीडीओ विष्णुदेव कच्छप ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में चांदनी चौक छठ नगर छठ घाट पहुंचे, जहां पूजा समिति के सदस्यों से साफ-सफाई व विधि व्यवस्था सुरक्षा संबंधित कई जानकारी ली। वहीं समिति के अध्यक्ष अमित ठाकुर ने कहा कि भीड़भाड़ को देखते हुए एक नये पुल और नये घाट बनवाने का कार्य करवाने की मांग की ताकि अगले वर्ष से छठ व्रतियों को उसका फायदा मिल सके। इसके साथ ही ब्लॉक चौक स्थित छठ घाट का भी औचक निरीक्षण कर वहां की विधि व्यवस्था सुरक्षा संबंधित कई जानकारियां ली। मौके पर बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने कहा कि सुरक्षा संबंधित और विधि व्यवस्था को लेकर छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। ताकि छठ महापर्व में किसी भी तरह की परेशानी का सामना छठ व्रतियों को ना करना पड़े। मौके पर समिति के अमित ठाकुर, ओम मिशेश मिश्रा, अजय गुप्ता, शिवकुमार शौर्य, जसवंत महतो, सोला सिंह, आशीष सोनी सहित कई पूजा समितियों के कई सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम : चिकित्सा शिविर में गुमला एसपी को मरीजों की इलाज करते देख ग्रामीणों ने कहा

'वाह एसपी साहब वाह' आप तो मल्टी टैलेंटेड हैं

चिकित्सा शिविर में गुमला के पुलिस अधीक्षक आज अपने पुराने प्रोफेशन में नजर आये

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। बुजुर्गों का कहना बिल्कुल दुरूस्त है कि सीखा हुआ हुनर कभी ना कभी जरूर काम आता है। इस बात को साबित करने के लिए आज आपको मिलवाना चाहता हूं गुमला के वर्तमान एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारिब से। जी हां, गुमला के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर एहतेशाम वकारीब आज अपने पुराने प्रोफेशन में नजर आये। पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब आईपीएस के जॉब में आने से पहले एक अच्छे डॉक्टर थे। डॉक्टर ऑफ मेडिसिन यानी एमडी की डिग्री डॉक्टर एहतेशाम वकारिब के पास है। कल तक एहतेशाम नाड़ी छूकर मरीजों की बीमारी का पता लगा लेते थे, आज वही डॉक्टर एहतेशाम वकारिब हाव भाव देखकर अपराधियों का मिजाज भांप लेते हैं। कल तक एहतेशाम वकारिब डॉक्टर साहब कहलाते थे। आज एहतेशाम वकारिब डॉक्टर के साथ-साथ एसपी साहब कहे जाते हैं। लेकिन हुनर तो हुनर होता है। जब एसपी डॉ एहतेशाम वकारिब अपने दल बल के साथ सोशल पुलिसिंग के तहत सुदूरवर्ती गांव पोलपोल पाठ का भ्रमण कर रहे थे, तब उनके द्वारा वहां पर सोशल पुलिसिंग के तहत कई कार्य किए जा रहे थे। जिसमें चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया था। सुदूरवर्ती गांव में जहां डॉक्टरों की बेहद कमी है, कहीं मरीजों की संख्या काफी है। चिकित्सा शिविर का नाम सुन कर कई गांव से लोग इलाज कराने के लिए वहां पहुंच गए। एसपी साहब ने जब यह देखा कि मरीजों की संख्या अधिक है तो अपने पुराने रंग में रंगते हुए अपनी गर्दन में आला डाल लिया और पुलिस की वर्दी में डॉक्टर का कर्तव्य निभाने लगे। मरीजों को देखा, उनकी तकलीफें सुनी, उनकी जांच की। तब शिविर से दवाओं का वितरण करवाया। ग्रामीण भी देखकर यह कहने लगे, 'वाह एसपी साहब वाह' आप तो मल्टी टैलेंटेड निकले। इसीलिए तो बुजुर्गों ने कहा है, कमाई की दौलत और सीखा हुआ फन हमेशा काम आता है।

सोशल पुलिसिंग के तहत पोलपोल गांव में बांटी गई सामग्री

गुमला (आजाद सिपाही)। एसपी द्वारा सुदूरवर्ती अतिनक्सल प्रभावित गांव पोलपोल का दौरा किया गया। यहां बता दें कि पोलपोल गांव में ज्यादातर असुर जनजाति के लोग रहते हैं। ऐसे गांवों में पुलिस अधीक्षक ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पुलिस-पब्लिक मीटिंग भी की। नक्सल के विरुद्ध, डायन-विसाही, नशापान से दूर रहने के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। एसपी ने 200 लोगों में धोती, साड़ी, कंबल, फुटबॉल किट, रिचार्जेबल लाईट आदि का वितरण किया। मेडिकल कैंप 55 लोगों की जांच कर दवा दी गई। जिसमें एसपी ने खुद से भी मरीज को भी देखा। इस दौरान डीएसपी ऑपरेशन, सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट, इंस्पेक्टर गुमला, गुरदरी थाना प्रभारी तथा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

राज मोबाइल सॉल्यूशन में आगजनी मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

बसिया (आजाद सिपाही)। बसिया पुलिस ने गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के सहयोग से कोनबीर स्थित राज मोबाइल सॉल्यूशन में आगजनी मामले का उद्भेदन करते हुए शनिवार को दो आरोपियों कोनबीर निवासी महजर महतो और छोटू महतो उर्फ रोशन महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि 30 जून 22 को रात्रि डेढ़ से दो बजे के बीच राजा मोबाइल सॉल्यूशन में आग जनी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें दुकान के संचालक आकिब जावेद ने 20 लाख की संपति के जलने की बात कही थी। इसके बाद बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें आईओ एसआइ भानु कुमार भारती, थाना प्रभारी छोटू उरांव, प्रदीप रजक, मंटू कुमार आदि शामिल थे। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पूर्व में पांच आरोपियों जिसमें बसिया थाना के नारेकेला निवासी रेमंड इंदवार, उत्तम कुमार महतो, इटकी निवासी विशाल कुमार, राजा उर्फ जावेद अख्तर एवं नगड़ी निवासी संतोष कुमार उर्फ डीजे को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया गया था एवं कांड में शामिल रोहित कुमार महतो ने 14 अक्टूबर 22 को कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके बाद रोहित को बसिया पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें रोहित के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर कोनबीर निवासी महजर महतो नारेकेला निवासी छोटू महतो उर्फ रोशन महतो को गिरफ्तार किया गया। मजहर महतो द्वारा आकिब के मोबाइल दुकान में आग लगाने हेतु छोटू महतो उर्फ रोशन महतो को पचास हजार रुपये की सुपारी दी गयी थी। जिसके बाद रोशन ने नारेकेला निवासी रोहित को पैसा देकर आगजनी के काम को अंजाम देने हेतु तैयार किया। रोहित ने आगजनी के काम के लिए अन्य सभी रेमंड इंदवार, संतोष कुमार, उत्तम कुमार महतो, विशाल कुमार और जावेद को अपने टीम में शामिल किया। घटना के दिन सभी आरोपी रेमंड के घर में पार्टी किये और फिर रात को कोनबीर आकर आकिब की मोबाइल दुकान में सभी आरोपियों द्वारा मिलकर आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया।

स्टार क्लब और फ्रेंड्स क्लब ने की छठ घाट की तैयारी पूरी

नदी के बीचों-बीच भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित

आजाद सिपाही संवाददाता

छतरपुर (पलामू)। मंदया नदी छठ घाट पर छठ व्रतियों को व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर स्टार क्लब एवं फ्रेंड्स क्लब के सदस्यों द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं। हर वर्ष की भाती इस साल भी स्टार क्लब के द्वारा मुख्य रूप से नदी के साफ -सफाई कर नदी के बीचों बीच भगवान भास्कर की प्रतिमा स्थापित कर छठ घाट पर लाइट की व्यवस्था, चाय की व्यवस्था करना रोड की सफाई,छठ घाट पर पान का पता, कसेली,गाय का दूध,आम का दातुन की व्यवस्था की गई है। वही फ्रेंड्स क्लब द्वारा छठ घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन एवं रात्री में भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। साथ ही पूरे शहर में लाइट की व्यवस्था करना शामिल हैं।

डीसी और एसपी ने कई छठ घाटों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे एवं पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने शनिवार को लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर कोयल नदी तट के टाउन हॉल व सिंगरा के अमानत नदी छठ घाटों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के क्रम में साफ-सफाई,लाइटिंग की व्यवस्था,पानी में बैरिकेडिंग,ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन पार्किंग सहित छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन आदि की सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान डीसी ने विभिन्न घाटों में पर्व के मद्देनजर स्वच्छता के व्यापक प्रबंध रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिंहा ने पुलिस कर्मियों को सुरक्षा का व्यापक इंतजाम रखने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से छठ घाटों पर छ्ठ व्रतधारियों की सहूलियत का ध्यान रखते हुए सभी जरूरी व्यवस्थाओं को समय पर पुख्ता करने की बात कही। छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में डीसी एवं एसपी के साथ सहायक समाहर्ता विसपुते श्रीकांत, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह,सदर एसडीपीओ सुरजीत कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित मौजूद थे।

बेंगलुरु के गुंटूर रेलवे स्टेशन से मजदूर हुआ लापता, तलाश जारी

हरिहरगंज/छत्तरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत छत्तरपुर थाना क्षेत्र के कउवल गांव निवासी बिपत राम के 42 वर्षीय पुत्र जितेंद्र राम पिछले कई दिनों से लापता है। इस संबंध में लापता मजदूर के पिता बिपत राम ने बताया कि 17 अक्टूबर 2022 को बैंगलोर कमाने के लिये जा रहा था। अनंतपुर और बैंगलोर के बीच गुंटूर रेलवे जक्शन पर उतर कर पानी लेने गया और ट्रेन छूट गई, तबसे वह लापता है। उसके साथ ट्रेन पर सफर कर रहे उसका छोटा भाई बिरेंद्र राम और सगे संबंधियों ने पांच सौ किलोमीटर वापिस लौट कर उसे काफी तलाश की पर नहीं मिला। वहीं परिजनों ने गुंटूर जक्शन थाने में गुमशुदगी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। परंतू अब तक कोई सुराग नहीं मिली है।परिजनों ने बताया कि लापता जितेंद्र राम का रंग गोरा,5 फीट 8 इंच कद का है। वह दाहिने पैर से हिचक कर चलता है। वहीं किसी व्यक्ति को जानकारी मिलने पर परिजनों ने 99736 91397 एवं 62055 89112 मोबाईल फोन पर सूचना देंने की अपील की है। सूचना देने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपये का ईनाम दिया जायेगा।

थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने निजी खर्च से करायी तीन किलोमीटर सड़क की मरम्मत

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। जिला के पिपराटांड़ थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने अपने निजी खर्च से छठ महापर्व के लिए छठ व्रतियों को आने जाने के लिए जेसीबी से तीन किलोमीटर सड़क की मरम्मत कराने के साथ छठ घाट की साफ-सफाई भी करवाया। उन्होंने लोहरसी चट्टी से चाको नदी तक सड़क की मरम्मत कराने का काम किया। थाना प्रभारी राहुल गुप्ता ने बताया कि छठ घाट जाने वाले सड़क की स्थिति काफी जर्जर थी, इसे ध्यान में रखते हुए सड़क की मरम्मत कराने का काम किए हैं। साथ ही छठ घाट का साफ -सफाई भी करवाया गया है। पुलिस भी समाज का अभीन्न अंग है। समाज की सेवा करना हमारा दायित्व है। उन्होंने यह साबित करके दिखा दिया। उन्होंने लोगों से शांति, सौहार्द्र पूर्ण तरीके से छठ महापर्व मनाने की अपील किया हैं। मौके पर मुकेश गुप्ता, डॉ गोविंद लाल पासवान, राजेश गुप्ता,शंकर साहू, विजय गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, दीपक मेहता, मदन गोस्वामी, सिकंदर भोक्ता, रामविलास यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

अविनाश देव ने छठ व्रतियों के बीच किया ढकना, नारियल और प्रसाद का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड माटी कला बोर्ड के प्रमंडलीय कार्यालय में लोक एवं आस्था का महापर्व छठ के पावन अवसर पर झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य सह मृदा पलाश के अध्यक्ष अविनाश देव ने छठ व्रतियों के बीच माटी का ढकना, नारियल सहित प्रसाद सामग्री का वितरण किया। इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम के प्रमंडलीय कार्यालय में सैकड़ों छठ व्रतियों को संबोधित करते हुए अविनाश देव ने कहा कि हिंदू सनातन संस्कृति की लोक एवं आस्था का महापर्व छठ पूजा बड़े उत्सव के साथ मना रहे है। आस्था का महापर्व करने वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य एवं दीघार्यु जीवन मिलती है। स्वस्थ व्यक्ति को ही ईश्वर सारी मन्नते पूरी करता है। खास बात यह है इस पूजा में गरीब से संपन्न व्यक्ति को भी लोगों से सहयोग लेकर पूजा करना पड़ता है और हम इस पूजा में सहयोग कर पा रहे हैं हमारे लिए बड़ी बात है। छठ व्रतियों की सेवा से और कोई दूसरी बड़ी सेवा नहीं हो सकती। बाजार एवं आसपास में कुछ समय पूर्व से ही हलचल और भीड़भाड़ इस पर्व की प्रसिद्धि का परिचायक है। इस पर्व में सभी व्रती तीन दिनों तक कठिन नियमों का पालन करते है। छठ पर्व में पूजे जाने वाले सूर्य साक्षात ईश्वर है जिनका हम सभी प्रतिदिन दर्शन करते हैं। इस कार्यक्रम में श्री देव के साथ पलामू जिला सहकारिता पदाधिकारी अश्विनी ओझा, मेदिनीनगर संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक आर्यन प्रसाद, लल्लन प्रजापति, मनीष प्रजापति,राहुल प्रजापति, शंकर प्रजापति, विनोद प्रजापति, शोभा प्रजापति,अनूप प्रजापति, मदन प्रजापति, रविशंकर प्रजापति, व्यास हेमंत एवं संप्रेक्षण गृह के माटी कला प्रशिक्षक संतोष प्रजापति सहभागी बने।

छठ व्रतियों का सहयोग करनेवाले बनते हैं पुण्य के भागी: राजीव रंजन

हरिहरगंज (पलामू) (आजाद सिपाही)। लोक आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर शनिवार को युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने अपने सहयोगियों के साथ नगर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर छठ व्रतियों को फल व पूजन सामाग्री का वितरण किया। इस दौरान नगर क्षेत्र के हरिहरगंज, घाघरा, पिपरा, विशुनपुर, खाप कटैया सहित अन्य क्षेत्र में घर-घर जाकर छठ व्रतियों को प्रसाद का थैला दिया।मौके पर श्री रंजन ने कहा कि छठ पर्व करने वालों के साथ-साथ पर्व में सहयोग करने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं।उन्होंने छठ महापर्व की शुभ कामना देते हुए आस्था का महापर्व की महान महिमा बताया। पूजन सामाग्री वितरण में गोपाल प्रसाद, मृत्युंजय सिंह, राजेश रंजन मिश्रा, रवी प्रजापति, शंभू यादव, अजीत कुमार, नवीन प्रसाद, शिक्षक अजय कुमार, विनोद पासवान, बलराम ठाकुर, दिनेश स्वर्णकार आदि शामिल थे।

एके सिंह कॉलेज के प्रोफेसर ने छठ पूजा पर की आपत्तिजनक टिप्पणी, सचिव ने मांगा स्पष्टीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। एके सिंह कालेज जपला के सहायक प्राध्यापक दर्शनशास्त्र राम सुभग सिंह ने गत दिनों सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट कर छठ महापर्व को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस संबंध में सामाजिक संस्था टीम युवा शक्ति ने बिधायक कमलेश सिंह के नाम ज्ञापन सौंपकर उन पर कारवाई की मांग की है। साथ ही कई गणमान्य लोगों ने इसकी शिकायत एके सिंह कालेज जपला के सचिव रौनक सिंह से की। लोगों ने कहा कि छठ महापर्व के बारे में गलत टिप्पणी कर प्राध्यापक राम सुभाग सिंह ने आम लोगों की आस्था और धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का दुस्साहस किया है। उन्होंने कालेज के सचिव से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। एके सिंह कालेज जपला के सचिव रौनक सिंह ने उन्हे आश्वस्त किया है कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने पत्र जारी कर सहायक प्राध्यापक राम सुभाग सिंह से स्पष्टीकरण पूछा है। उनसे सात दिनों के अंदर जवाब मांगा गया है। पत्र में कहा गया है कि रामसुभाग सिंह के द्वारा लोक आस्था के महापर्व छठ पर सोशल मीडिया फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की गई है। जिससे लोगों की धार्मिक भावना आहत हुई है।कालेज की प्रतिष्ठा भी धूमिल हुई है। हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस विषय पर पत्रकारों से कहा कि सहायक प्राध्यापक द्वारा फेसबुक पर किया गया पोस्ट धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसे किसी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इसे विनाश काले विपरीत बुद्धि की संज्ञा दी है। एनसीपी के युवा नेता सूर्या सिंह ने इसपर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को किसी सार्वजनिक उपक्रम, खासकर शिक्षा के मंदिर में रहने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कालेज प्रबंधन से रामसुभग सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

भगवान भाष्कर की कृपा से आयेगी खुशहाली: शशि कुमार

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने छठ व्रत कर रहे नगर पंचायत के सफाई कर्मी के बीच वस्त्र का वितरण किया। इस मौके पर महिला सफाई कर्मी को साड़ी एवम पुरुष सफाई कर्मी को धोती दिया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सफाई कर्मियों की भागीदारी अहम है। सफाई कर्मी जब स्वस्थ रहेंगे तो शहर भी स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि मानवता से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है। हमारे नगर पंचायत के सफाईकर्मी पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपना कार्य करते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी भी श्रद्धा के साथ छठ मना सकें, इसको लेकर यह पहल की गयी है। उन्होंने कहा कि छठ मैया व भगवान भास्कर के असीम कृपा से क्षेत्र में समृद्धि एवं खुशहाली आए यही कामना है। नगर अध्यक्ष ने छठ पूजा के शुभ अवसर पर नगर पंचायत के समस्त कर्मियों समेत शहर वाशियों को पूजा की शुभकामनाएं दी है।मौके पर प्रदीप पटेल, सफाई जमादार अवधेश राम समेत कई सफाई कर्मी मौजूद थे।

चारधाम सूर्य मंदिर समिति ने गेहूं का किया वितरण

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। सूर्योपासना का महापर्व छठ को लेकर हुसैनाबाद के उत्तर कोयल नहर स्थित जमुहारी मई छठ घाट परिसर में व्रतियों के बीच गेंहू वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह वितरण नहर मोड़ के चारधाम एवं सूर्य मंदिर समिति द्वारा किया गया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह, नगर अध्यक्ष शशि कुमार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, नगर महामंत्री श्रवण कुमार अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, समाजसेवी मुन्ना कुमार देव व सतेंद्र कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से व्रतियों के बीच गेंहू का वितरण कर इसका शुरूआत किया। समिति के अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने बताया कि छठ पूजा को लेकर एक सौ व्रतियों के बीच गेंहू का वितरण किया गया। इसके अलाव आम की सुखी लकड़ी भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि खरना के दिन व्रतियों के बीच फलाहार का भी वितरण कमिटी द्वारा किया जायेगा। शिवरतिया देवी, मालती देवी, सरिता देवी, कुमकुम देवी, रिंकी देवी आदि व्रती के अलावा शिव चौधरी, पवन चंद्रवंशी, बैजनाथ चौधरी, कपिलदेव राम,आदि मौजूद थे।

हर स्थिति में मदद को तैयार हैं परशुराम सेना के सदस्य

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। शहर के सभी छठ घाट पर आपातकाल के लिए तैनात रहेंगे। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सदस्य। शनिवार को युवा वाहिनी के पदाधिकारी व सदस्य शहर के विभिन्न छठ घाट की निगरानी करने निकले और आपातकाल के लिए 7004918886,7762896467 दो नंबर जारी किया। छठ घाट भ्रमण के क्रम में छठ व्रतियों की सुविधा के मद्देनजर कई निर्णय लिया गया। युवा वाहिनी के द्वारा शहर के सभी छठ घाट पर चेंजिंग रुम की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये सभी परशुराम सैनिक को तत्पर रहने का निर्देश दिया गया। घाट निरीक्षण के क्रम में अमानत छठ घाट एवं पंडित चंद्रशेखर आजाद चौक पर पर वृहद स्तर पर फल एवं पूजन सामाग्री के वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य नवीन तिवारी, प्रदेश संरक्षक आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा,अनुशासन समिति के प्रदेशध्यक्ष संतोष तिवारी, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, प्रमंडलीय संगठन प्रभारी पंडित चंदन तिवारी,जिला प्रभारी मनीष तिवारी, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, नगरअध्यक्ष सीपी शुक्ल, राकेश पांडेय,अविनाश दूबे आनंद प्रकाश दूबे व विक्रांत त्रिपाठी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

तिजारत में भरोसे का होना अति आवश्यक : अशफाक अहमद

मेदिनीनगर। विष्णु मंदिर के समीप सब्जी बाजार रोड में फ्रुटोनट' प्रतिष्ठान का उद्घघाटन तंजीमुल अंसार कमेटी पलामू के अध्यक्ष अशफाक अहमद ने किया। उन्होंने उद्घाटन संबोधन में कहा कि आज शहर में विभिन्न प्रकार के ड्राई फ्रूट की जरूरत है जिसकी पूर्ति इस प्रतिष्ठान से उचित दाम पर शहरवासियों को होगी। हमें चायनीज खाद्य पदार्थों जैसी नुकसानदेह खान-पान से दूर रहना चाहिए तथा अच्छी सेहत के लिए शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्द्धक ड्राई फ्रूट जैसी चीजों का सेवन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिजारत में भरोसे का होना अति आवश्यक है। प्रोपराइटर मो. एजाज अली उर्फ टुटु बाबू ने बताया कि हमारे प्रतिष्ठान में गोवा की कई किस्मों का काजू, अफगानिस्तान एवं टर्की का खुबानी (एप्रीकोट), किशमिश, सऊदी अरब एवं ईरान का खजूर, अंजीर, कागजी बादाम,पिस्ता, ड्राई मैंगो,ऑस्ट्रेलिया का अखरोट,काश्मीर का केसर, शहद, विभिन्न तरह का फ्रुटोनेट शुद्ध एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर तंजीम के सचिव नसीम अहमद, खजांची सेराज अंसारी, सरपरस्त हाजी शमीम रिजवी, हाजी मोबीन अली, हाजी नूर अजीजी, हाजी अमीन रहबर, जियाउद्दीन अंसारी, डां मकबूल मंजर, अधिवक्ता हुसैन वारिस,अब्दुल अजीज, मो. शफी अंसारी, मो. हाशिम अली, फैजुननबी, सदर नूर राईन, सेराज अंसारी, मंसूर हुसैन अंसारी, हाजी ग्यासुद्दीन अजीजी, मनोज कुमार, राजू, इम्तियाज अहमद, सरफराज आलम, सुभहान सिद्धिकी,रमजान अली,इमामुद्दीन अंसारी,मोहम्मद मुन्ना, हुनैन अंसारी, मोहम्मद इरफान, अकबर अंसारी,अब्दुल फतह, शमसुद्दीन उर्फ मोही टेलर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



प्रभात कंम्प्यूटर एजुकेशन
ADCA DCA DTP PYTHON
CC++ PHOTOSHOP JAVA TALLY ERP-9
TYPING
2ND FLOOR, CIRCULAR ROAD, 215B, HARIOM TOWER RD, RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

Class - VIII		Classes VI & VII	
Class VIII Today (Combined)	₹ 250	Class VII Today (Combined)	₹ 240
Class VIII Today (English Medium)	₹ 280	Class VI Today (Combined)	₹ 240
Mathematics Practical	₹ 60	Hindi Vyakaran–I	₹ 60
Science Practical	₹ 60	English Grammar–I	₹ 60
S. Science Practical	₹ 60	Sanskrit Vyakaran–I	₹ 50
Hindi Vyakaran–I	₹ 60		
English Grammar–I	₹ 60		
Sanskrit Vyakaran–I	₹ 50		

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्युशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY
Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

महत्वपूर्ण न्यूज

सड़क पर उड़ती धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने सड़क जाम की, कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप

अलकडीहा (आजाद सिपाही)। सड़क पर उड़ते धूलकण से परेशान जयरामपुर के ग्रामीणों ने शनिवार को जल छिड़काव की मांग को लेकर साउथ तिसरा रेलवे गेट के निकट सड़क जाम कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग ठप कर दिया। दो दिन पूर्व बागडिगी कोलियरी के लोगों ने भी छठ तालाब की मरम्मती कर तालाव में पानी भरने और प्रदूषण नियंत्रण के लिए सड़क पर पानी का नियमित छिड़काव करने की मांग को लेकर चौक के समीप सड़क जाम किया था जिससे घंटों कोयला ट्रांसपोर्टिंग प्रभावित हुई थी। मामले में बीसीसीएल को लाखों का नुकसान बताकर एनटीएसटी प्रबंधन ने सड़क जाम आंदोलनकारी के खिलाफ तिसरा थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रबंधन कि इस कार्रवाई से बागडिगी के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर उत्तम कुमार, दामोदर यादव, पवन कुमार, गौतम कुमार, सुखदेव यादव, मछर सरदार, चन्दन कुमार, जयराम यादव, गुड्डू यादव, उत्तम विषरी देवी, ललिता देवी, सविता देवी और कांति देवी आदि मौजूद थे।

निचीतपुर स्टेशन के समीप मिला क्षतविक्षत शव

कतरास (आजाद सिपाही)। धनबाद डिवीजन के धनबाद गया रेलखंड के निचीतपुर स्टेशन के समीप पोल संख्या 285/29/31 के बीच रेल पटरी पर शनिवार को एक व्यति का क्षत विक्षत शव बरामद हुआ। उसकी पहचान फकीरा बेलदार (41) के रूप में हुई है। वह कतरास थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी कोल डंप का कगने वाला था। निचितपुर गैंग हट कर्मी (केबिन मैन) ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे और धनबाद को दिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया।

102वां वार्षिक अधिवेशन के साथ होगा कवि सम्मेलन, जुटेंगे दिग्गज

कोरोनाकाल के दो वर्ष बाद श्री झरिया धनबाद गौशाला में होगा गोपाष्टमी मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

झरिया। कोरोनाकाल के दो वर्ष बाद श्री झरिया धनबाद गोशाला बस्ताकोला में इस वर्ष गोपाष्टमी मेला का आयोजन किया जाएगा। एक नवंबर को 102वां वार्षिक अधिवेशन के साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें गौशाला समिति के सचिव मुरलीधर पोद्दार एवं द्वारिका प्रसाद गोयनका ने दी। वे लोग बस्ताकोला गोशाला परिसर में शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल में दो वर्ष यहां गोपाष्टमी मेला नहीं लगा था। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरूआत गो शोभा यात्रा व गो पूजन के साथ किया जाएगा। अधिवेशन के मुख्य अतिथि मेला अध्यक्ष संतोष कुमार बागड़िया और विशिष्ट अतिथि के रूप में धनबाद सांसद पीएन सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह होगी। वहीं कवि सम्मेलन मे शाहजहांपुर के प्रख्यात कवि अशोक नागर, मुम्बई के राकेश वर्मा, नागपुर के दिनेश देहाती, राजस्थान के मयूर पवार, झाबुआ के हिमांशु हिंद, बालाघाट के माधुरी किरण व नई दिल्ली के रजनी सिंह लोगों को देशभक्ति, हास्य और व्यंग्य से लोटपोट कराएंगे। दो नवंबर को मूर्ति प्रदर्शनी और चलचित्र का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मौके पर गोशाला समिति के महेंद्र कुमार अग्रवाल, मुरलीधर पोद्दार, द्वारिका प्रसाद गोयनका, सत्यनारायण भोजगढिया, शारदानंद सिंह, अनिल खेमका, रामप्रसाद कटेसरिया और राजेंद्र पोद्दार उपस्थित थे। अनिल खेमका ने कहा कि घर की पहली रोटी गाय को कार्यक्रम चल रहा है। इन्होंने गो भक्तों से गायों के लिए अनुदान देकर इस कार्यक्रम मे जुड़ने का आह्वान किया है।

दूसरी ओर, गोशाला समिति ने बताया कि मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष डॉ ओपी अग्रवाल और उनके टीम की ओर से मुक्ति धाम, छठ घाट के अलावा पूरे गोशाला में पेबर ब्लाक बिछाया जा रहा है। पूर्व से जुड़े समाजसेवी स्व चंदगीराम अग्रवाल की स्मृति पर उनके बेटे बिनोद और श्याम सुंदर अग्रवाल ने यहां पशुधन के लिए 17 लाख रुपये की लागत से सात हजार स्क्वायर फिट का एक शेड बनाया गया है। वहीं धनसार के व्यवसायी सह डेको कंपनी के मालिक मनोज कुमार अग्रवाल ने बोरिंग करवाकर पूरे गोशाला में पानी की व्यवस्था कराई। गोशाला सदस्य शिव कुमार खेमका ने मुक्ति धाम के जर्जर शेड को बदल कर नया एल्युमिनियम का शेड लगवाया।

धनबाद जिले के सभी प्रखंडों में महापर्व छठ पूजा की धूम

खरना के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू, पहला अर्घ्य आज

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को कोयलांचल धनबाद में खरना पूजन के साथ व्रतियों ने 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू किया। धनबाद के निरसा, चिरकुंडा, गोविंदपुर, बरवड्डा, राजगंज, तेतुलमारी, धनबाद, बलियापुर, सिंदरी, झरिया, डिगवाडीह, सिंदरी, कतरास, पुटकी, लोयाबाद, केंदुआ, बाघमारा और धनसार सहित अन्य सभी क्षेत्रों में इस दिन सुबह खरना को लेकर विशेष तैयारियां चलती रही। महिलाएं खीर-प्रसाद बनाने के दौरान छठी मां के गीत गाती रही। संध्या में प्राचीन नियमानुसार तरीके से प्रसाद के रूप में खीर,पूड़ी बनाया गया। व्रतियों ने भगवान भास्कर को ध्यान करते हुए छठी मईया की आराधना की। उसके बाद प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के लिए निर्जला व्रत शुरू किया। पूजन के बाद व्रतियों ने आस पास की महिलाओं सहित घर के सदस्यों को सिंदूर का टीका लगा सुख शांति और बेहतर स्वास्थ्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान उपस्थित स्वजनों सहित आस पास के लोगों के बीच खरना का प्रसाद वितरण किया गया।

खरना पूजन करती छठव्रति महिला।

खरीदारी के लिए बाजारों में उमड़ी भीड़, लगा जाम

धनबाद (आजाद सिपाही)। शनिवार की सुबह से ही बाजारों में छठ की खरीदारी के लिए लोग उमड़ पड़े। दोपहर होते-होते बाजार में पैर रखने की भी जगह नहीं थी। शहर के हीरापुर, पुराना बाजार, स्टील गेट और बरटांड़ में सर्वाधिक भीड़ रही। खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ के कारण सभी हाट बाजारों में जबरदस्त जाम लग गई। बाजार में भीड़ नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक की कोई व्यवस्था नहीं थी।

छठमय हुआ बेरमो, व्रतियों ने की खरना पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। बेरमो अनुमंडल क्षेत्र का माहौल छठमय हो गया है। घर से बाजार और छठ घाट तक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। हर ओर केलवा के पात पर उग हो सूरज देव...जैसे छठ गीत बज रहे हैं। लोक आस्था के महापर्व छठ के दूसरे दिन शनिवार को व्रतियों ने स्नान-ध्यान के बाद भगवान भास्कर को नमन कर आम की लकड़ी जला कर अरवा चावल, गुड़ व दूध से खरना का प्रसाद बनाया। व्रतियां यथासंभव नदी घाट पर जा कर स्नान ध्यान की। पूजा के बाद पहले व्रतियों ने इस प्रसाद को ग्रहण किया। इसके बाद परिवार के सदस्यों के अलावा श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। महापर्व के तीसरे दिन रविवार को अस्तचलागामी और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया जायेगा। इसी के साथ चार दिवसीय लोक आस्था का पर्व का समापन होगा। छठ महापर्व को लेकर फुसरो सहित बेरमो के तमाम बाजार गुलजार हैं। छठ में उपयोग होने वाले समान और प्रसाद की काफी बिक्री हुई। वहीं समाजसेवियों और क्लबों द्वारा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

मनोज ठाकुर ने निजी मद से बारू छठ घाट की करायी सफाई और लाइट की व्यवस्था

जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर चारों तरफ साफ सफाई चल रही है। इस बाबत बारू -खबरबेड़ा छठ घाट की पूरी तरह से साफ-सफाई की व्यवस्था भाजपा नेता सह जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ठाकुर ने निजी मद से कराया है। साथ ही पूरी लाइटिंग की व्यवस्था भी करायी है। पहले अर्घ्य के दिन उनके सौजन्य से दउरा पर फल और नारियल का वितरण भी किया जायेगा। व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी राजकुमार झा, सोनू प्रसाद, राजू पटवा आदि को सौंपी गई है।

फुसरो बाजार में बिक रही पूजा सामग्री की कीमतें

केला	300 से 500 रुपये कांधी
सेव	80 रुपये प्रति किलो
संतरा	70 रुपये प्रति किलो
नाशपाती	80 से 100 रुपये प्रति किलो
शरीफा	120 रुपये प्रति किलो
शकरकंद	40 रुपये प्रति किलो
सुथनी	200 रुपये प्रति किलो
पानी फल	60 रुपये प्रति किलो
मूली	40 रुपये प्रति किलो
गाजर	120 रुपये प्रति किलो
हल्दी	120 रुपये प्रति किलो
अदरक	120 रुपये प्रति किलो
मूंगफली	80 रुपये प्रति किलो
बेर	80 रुपये प्रति किलो
आंवला	60 रुपये प्रति किलो
अनानास	50 रुपये पीस
गागर	40 रुपये पीस
नारियल	30 रुपये पीस
दउरा	120 से 500
सूप	60 से 175

बेरमो विधायक ने दिव्यांगों को दी व्हील चेयर और ट्राइसाइकिल

आजाद सिपाही संवाददाता

जैनामोड़/बेरमो। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने पूर्व घोषणा के तहत दिव्यांग तुपकाडीह मुस्लिम टोला निवासी कलीम अंसारी एवं मंडल टोला निवासी मिथलेश कुमार महतो को झारखंड कल्याण विभाग के मद से व्हीलचेयर एवं ट्राइसाइकिल देकर सम्मानित किया। समयमान समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से विधायक के निजी सचिव (कार्यालय) के बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयूष माथुर सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर 10 लाख रुपये के स्क्रैप लूटे

महुदा (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के भुरूंगिया स्थित एचवी सेक्शन में शुक्रवार की रात अज्ञात अपराधियों ने सुरक्षा कर्मियों को बंधक बनाकर लगभग 10 लाख रुपये के स्क्रैप लूट लिये। इस संबंध के ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी किनूलाल रवानी ने बताया कि रात 1.30 से दो बजे के बीच 20-22 अपराधी दीवार फांदकर अंदर घुसे। उसके बाद उनलोगों ने दोनों सुरक्षा कर्मियों अर्जुन महतो और किनूलाल रवानी को बंधक बनाकर पहले मोबाइल छीन लिया। इसके बाद दोनों को एक कमरे में बंद कर दिया। फिर अपराधी चार पहिया एक वाहन में स्टोर का सामान लाद कर ले भागे। जो सामान लाद नहीं कर सके, उसे बाहर ही छोड़ दिया। अपराधियों के जाने के बाद किसी तरह दरवाजे को तोड़कर दोनों सुरक्षा कर्मी बाहर निकले और घटना की सूचना अपने वरीय अधिकारियों को दूसरे के मोबाइल फोन से दिया। किनूलाल ने बताया कि कितने का सामान लूटा गया है इस संबंध में अधिकारी ही सही जानकारी दे सकते हैं। अनुमान के आधार पर 10 लाख से कम का सामान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि यहां पहले सीआइएसएफ की तैनाती रहती थी, जो बाद में हटा दिया गया। महुदा पुलिस भी रात में पेट्रोलिंग नहीं करती। सिर्फ दो सुरक्षा कर्मियों के भरोसे सारा सामान पड़ा रहता है।

बिक्रम रवानी को फिल्म राहें एक डहर के लिए मिला बेस्ट एक्टर का अवार्ड

महुदा (आजाद सिपाही)। भारत इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑर्गेनाइजेशन मुंबई की ओर से आईकॉनिक प्राइड ऑफ इंडिया 2022 (मुंबई) बेस्ट कैटिगरी अवार्ड खोरठा रीजनल भाषायी फिल्म राहें एक डहर और बेस्ट एक्टर झारखंड धनबाद के बिक्रम रवानी को दिया गया। बिक्रम रवानी खोरठा रीजनल भाषा फिल्म राहें एक डहर में मुख्य किरदार में थे। इस फिल्म में उन्होंने सिर्फ फिल्म प्रोडक्शन हाउस का ही नहीं, बल्कि दर्शकों की भी खूब सुर्खियां बटोरी है। बिक्रम रवानी की अनूठे अभिनय को देखकर उनके नाम बेस्ट एक्टर कैटिगरी अवार्ड के लिए नामित किया गया था। अभिनेता बिक्रम रवानी ने इस अवार्ड का श्रेय फिल्म प्रोडक्शन हाउस में शामिल सभी को दिया है। फिल्म राहें एक डहर के निर्देशक अजय बी साह, ड्रेसमैन अमजद, लाइट इक्विपमेंट उमाशंकर झा, डांस मास्टर अशोक मैती, मेकअप मैन कपिल महतो, कैमरा अटेंडेंट संजय शर्मा, असिस्टेंट डायरेक्टर नंदलाल शाह, एमडी मनोहर दिनेश कुर्मी, डीओपी कमल ड्राउन अशरफ हुदा, स्टील रामचंद्र राव ने मिलकर फिल्म को सजाया है।

कार्यपालक पदाधिकारी ने लिया छठ घाटों का जायजा

धनबाद (आजाद सिपाही)। सिंदरी नगर निगम अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी कंचन कुमारी ने शनिवार को छठ घाटों का औचक निरीक्षण किया और अपने सुपरवाइजर को घाटों की बेहतर सफाई कराने का निर्देश दिया। सर्व प्रथम कंचन कुमारी चासनाला सम्राट नगर स्थित जोड़िया नदी सूर्य मंदिर छठ घाट पर पहुचीं। जहां छठ पूजा समिति के सदस्यों से बातचीत कर सफाई कार्य का जायजा लिया और बेहतर से सफाई कराने के लिए अपने सुपरवाइजर को दिशा निर्देश दिया। जिसके बाद चासनाला रीवर साईड दामोदर नदी के सूर्य मंदिर छठ घाट एवं सुदामडीह रीवर साईड शिव मंदिर दामोदर नदी घाट का बारी बारी निरीक्षण किया और बचे हुए घाट की सफाई का निर्देश दिया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–33/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 09.11.2022 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 10.11.2022 को 3.00(तीन) बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 10.11.2022 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, राँची, अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची एवं नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	बुटी रोड, राँची स्थित आवास संख्या–01 में स्थित गार्डेन का दैनिक रख–रखाव का कार्य	944600.00	18900.00	1250.00	31.10.2023
2	Renovation of Office of the A.D.G. JAP-1 at Raja Rani Kothi, Doranda Ranchi	1635150.00	32800.00	5000.00	Two Months
3	Renovation of "A" type Quarter No.-9/12 (A-Block) at Hinoo Ranchi	297800.00	6000.00	750.00	One Month
4	Renovation of Barrack's Kitchen at CM House, Kanke Road, Ranchi	941000.00	18900.00	1250.00	Two Months
5	Renovation of C type Quarter No-04 of Block No-8 at Audrey House, Ranchi	595250.00	12000.00	1250.00	Two Months
6	Renovation of B type 30 Set Quarter No. -22 at Rajendra Chowk, Doranda Ranchi (High Court Pool)	224100.00	4500.00	500.00	One Month
7	E/R to Labour Commissioner Chamber & PS Chamber in Shram Niyojnalay Building First Floor at Doranda Ranchi	184150.00	3700.00	500.00	One Month

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 281064 (Building) 22-23 (D)

नाराजगी : गांव-गांव पुतला दहन करने और शव यात्रा निकाले जाने का निर्णय

समाज को अपमानित करने वाले जलेश्वर महतो के घर शादी या श्राद्धकर्म में नहीं जायेगा कोई ब्राह्मण: ब्राह्मण मंच

कत्लखानों से ब्राह्मणों का संबंध साबित करें जलेश्वर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

निर्णय के विरुद्ध कार्य करने वाले ब्राह्मण का किया जायेगा समाज बहिष्कार

धनबाद/कतरास/महुदा। गोवर्धन पूजा के दौरान एक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के ब्राह्मण समाज के प्रति विवादित बयान का वीडियो वायरल होने पर मामले ने तूल पकड़ लिया है। कथित विवादित बयान के बाद ब्राह्मण समाज में उबाल है। जिसे लेकर शनिवार को समाज के ब्राह्मण कल्याण मंच ने पांडेयडीह हटिया मैदान में पत्रकार वार्ता आयोजित करते हुए वक्ताओं ने जमकर भड़ास निकाली। साथ ही आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। संगठन के अध्यक्ष अरविंद दूबे ने कहा कि जिन ब्राह्मण की पूरे ब्रह्मांड की रक्षा की जाती है उन ब्राह्मणों के ऊपर जलेश्वर महतो द्वारा गो तस्करी जैसे लांछन लगाया जा रहा है। जन्म से लेकर श्राद्धक्रम तक करने वाले ब्राह्मणों के ऊपर ऐसे आरोप लगाने वाले का सर्वनाश निकट है। उन्होंने चेतावनी देते हुए मांग की कि जलेश्वर महतो प्रमाणित करें कि कत्लखाना का संचालन किन ब्राह्मणों द्वारा किया जाता है। अन्यथा मंच की ओर से छठ पूजा के बाद चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। समाज को अपमानित करने वाले जलेश्वर महतो के घर शादी ब्याह या श्राद्ध में कोई ब्राह्मण नहीं जाएगा। निर्णय के विरुद्ध कार्य करने वाले ब्राह्मण का समाज बहिष्कार किया जाएगा।

संवाददाता सम्मेलन कर नाराजगी जाहिर करते ब्राह्मण समाज के लोग।

चरणबद्ध तरीके से किया जायेगा आंदोलन

आंदोलन के पहले चरण में गांव-गांव जाकर समाज के लोगों को साथ लेकर जलेश्वर महतो का विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन किया जाएगा। दूसरे चरण में लूतिपहाड़ी से इंदिरा चौक तक शव यात्रा निकाली जाएगी। जबकि तीसरे चरण में रणधीर वर्मा चौक में धरना दिया जाएगा। पूर्व मंत्री द्वारा जिस मंच से ब्राह्मणों के प्रति बयानबाजी किया गया उस मंच में मौजूद प्रो टीपी पांडेय ने कहा कि जिस समय पूर्व मंत्री द्वारा ब्राह्मणों को अपमानित करने वाले बयान दिए जा रहे थे उसे सुनते ही सन्न रह गए और कार्यक्रम से उठकर चले गए। कहा कि जलेश्वर महतो के बयान से ब्राह्मण समाज के मान सम्मान को ठेस पहुंचा है। इस दौरान मौके पर अशोक मिश्रा, विजय शर्मा, राम कुमार पांडेय, एनडी पांडेय, सत्यनारायण पांडेय, राजू शर्मा, रामा शंकर तिवारी, पिंटू पांडेय, संतोष पांडेय, संजय चौबे, पोरेश चौबे, बबलू बनर्जी, सुमन पांडेय, मुरारी पांडेय, निरंजन पांडेय व उत्तम पांडेय आदि थे।

मेरे बयानों को तोड़-मरोड़ कर दिया जा रहा राजनीतिक रंग : जलेश्वर महतो



इस बाबत पूछे जाने पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि वे ब्राह्मणों का बहुत सम्मान करते हैं, उनके द्वारा दिये गये बयान को तोड़ मरोड़ कर षड्यंत्र के तहत राजनीतिक रूप देने की कोशिश की जा रही है। ब्राह्मण समाज को उनके खिलाफ खड़ा करने के लिए उनके मन में खटास पैदा किया जा रहा। उनकी कभी ऐसी सोच नहीं रही है। लेकिन फिर भी जाने अनजाने में यदि उनके बयान से कोई ठेस पहुंचा हैं, तो वे इससे बेहद दुखी हैं।

JHARKHAND MEDICAL & HEALTH INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT & PROCUREMENT CORPORATION LTD.
MCH BUILDING, RCH CAMPUS, NAMKUM, RANCHI – 834010.
(CIN – U855100JH2013SGC001276)E-mail:jmhidpc2014@gmail.com
Website: https://jmhidpcl.jharkhand.gov.in/
GST NO: 20AADCJ4293L2ZH, PAN NO: AADCJ4293L

JMHIDPCL

Bid Ref. No.JMC/NIT-22/MGM-EQP/67 **Date:28-10-2022**

TENDER FOR SUPPLY OF MACHINE & EQUIPMENT

The **Managing Director, Jharkhand Medical & Health Infrastructure Development & Procurement Corporation Limited(JMHIDPCL), Ranchi** hereby invites separate **Technical Bid** and **Financial Bid** (two envelope system) through e-procurement from eligible Manufacturer/ their Authorized Dealer /Distributors/ Authorized Stockiest for **TENDER FOR SUPPLY OF MACHINE & EQUIPMENT)** for health facilities of the State of Jharkhand.

The Bid documents with detailed conditions can be viewed and downloaded through website http://jharkhandtenders.gov.in and should be submitted through e-procurement system only. The eligible Bidder(s) willing to participate must be registered in e-procurement portal.

Particulars	Date & Time
Name of Work	TENDER FOR SUPPLY OF MACHINE & EQUIPMENT
Time of Completion	Within 60 days after issue of work order
Date of Publication of Bid	03-11-2022
Bid Submission Start Date	17-11-2022
Bid Submission Closing Date & Time	23-11-2022 03:00 PM
Bid Opening Date for Technical Proposal	24-11-2022 03:00 PM
Date of Opening of Financial Proposal	To be notified later
Application Fee (Non-Refundable)	5000/- (Rupees Five Thousdand Only)
Earnest Money Deposit	200000/- (Rupees Two Lakhs Only)
Contact/ Helpline No. of E-Procurement Cell	+91-8709368893,+91-9955792367
Pre-bid meeting Date & Time	09.11.2022 at 03:00 PM

Note: The above dates may change due to declaration of holidays. In the event of any of the dates being declared as a holiday for the office of the JMHIDPCL, the Bids will be opened on the next working day at the appointed time.
JMHIDPCL reserves the right to amend or withdraw any of the terms and conditions contained in the Bid document including quantity/ number of items to be supplied or to reject any or all Bids without giving any notice or assigning any reason. The decision of the Managing Director, JMHIDPCL in this regard shall be final.
Detailed Bid document can be seen, downloaded, and applied through website http://jharkhandtenders.gov.in only, hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original Application Fee & Earnest Money Deposit.

Sd/-
GM(PROCUREMENT)
JMHIDPCL

PR 281048 Jharkhand Medical & Health Infrastructure Dev & Procurement Corp Ltd(22-23).D

इएसआइसी के साथ वेदांता लांजीगढ़ ने समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। लांजीगढ़ वेदांत लिमिटेड भारत के मेटलर्जिकल ग्रेड एल्यूमिना के प्रमुख उत्पादक, उन्होंने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (इएसआइसी) के साथ साझेदारी की है, ताकि अपने शॉपफ्लोर स्तर के कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को अधिक कर्मचारी कल्याण लाभ उपलब्ध करा सकें। इस साझेदारी के हिस्से के रूप में लांजीगढ़ कलाहांडी ओड़िशा में वेदांत अस्पताल को अब एक नियोक्ता उपयोग औषधालय के रूप में मान्यता प्राप्त है। यह मान्यता ईएसआई लाभार्थियों (कुछ वेतन वर्ग से संबंधित) को अब से अपने और अपने परिवार के सदस्यों के लिए वेदांता अस्पताल में कैशलेस व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने की अनुमति देती है।

इएसआइसी के साथ समझौता ज्ञापन के बारे में बोलते हुए जीजी पाल अतिरिक्त सीइओ एल्यूमिना बिजनेस वेदांत लिमिटेड ने कहा कि हमारे कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों की भलाई हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के साथ हमारी साझेदारी हमारे कार्यबल और उनके परिवार के सदस्यों को अतिरिक्त कल्याणकारी योजनाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि लांजीगढ़ में हमारे वेदांत अस्पताल ने हमारे कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय को 15 वर्षों से अधिक समय तक सेवा दी है, बहुत सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सहायता प्रदान की है। इएसआइसी के माध्यम से, हम अब इस अस्पताल के माध्यम से अपने शॉपफ्लोर स्तर के कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को अतिरिक्त चिकित्सा लाभ प्रदान करते हुए प्रसन्न हैं।

बौध जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर एमसीएल ने किया हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता

संबलपुर। अपनी सीएसआर पहल के तहत महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने 98.50 लाख रुपये की लागत से बौध जिले की पारंपरिक कला और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए बौध जिला प्रशासन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस परियोजना के अंतर्गत जिला संग्रहालय, बौध, 1921 में निर्मित पुरानी इमारत जो पहले राजा के दरबार के रूप में इस्तेमाल किया जाता था, को टेक्सटाइल गैलरी के निर्माण के साथ हैंगिंग क्राफ्ट्स, एक्वेरियम, लाइब्रेरी एंड रिसर्च रूम, ऑडियो विजुअल हॉल और फूड कोर्ट के रूप में विकसित किया जाने की योजना है। जिला संग्रहालय का विस्तार होने के साथ-साथ बौध जिले के स्थानीय शिल्प, हथकरघा, इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित और संरक्षित करने की भी योजना है।

एमसीएल की ओर से एमसीएल के महाप्रबंधक (सीएसआर) रजनीकांत पाणिग्राही एवं बौध जिला प्रशासन की ओर से प्रताप चंद्र प्रधान, ओएएस (एस), अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद और प्रभारी जिला संस्कृति अधिकारी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षरित हुआ।

खुर्दा रोड रेलवे निर्वाचन क्षेत्र के सांसदों के साथ रेलवे अधिकारियों ने की बैठक

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रेलवे के मुद्दे पर पूर्व तट रेलवे ने भुवनेश्वर में खुर्दा रोड रेलवे निर्वाचन क्षेत्र के सांसदों के साथ रेलवे स्तर की बैठक की। सांसद भर्तृहरि महताब, चंद्रशेखर साहू, महेश साहू, पिनाकी मिश्र, मंजुलता मंडल, प्रमिला विशोई, शर्मिष्ठा सेठी, मुजीबुल्ला खां, राम मोहन नायडू कांजीरापपु और डॉ राजश्री मालिक इस बैठक में भाग लिया। शरद कुमार श्रीवास्तव पूर्व तट रेलवे महा प्रबंधक के साथ पूर्व तट रेलवे के मुख्य मंडल अधिकारी और खुर्दा रोड रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रिंकेश रॉय भी इसमें उपस्थित थे। सांसदों द्वारा रेलवे के मुद्दों पर कई रचनात्मक विचार, बहुमूल्य सलाह और सार्वजनिक मांगें उठायी गयीं। रेलवे नेटवर्क के विकास के मुद्दे, सार्वजनिक आकांक्षाओं को दर्शाने वाली सार्वजनिक मांगें और पूर्वी तट रेलवे के कामकाज की समीक्षा की।

भुवनेश्वर और जयपुर के बीच हवाई सेवा 31 से, टिकट 999 रुपये

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भुवनेश्वर-जयपुर यात्री हवाई सेवा 31 तारीख से शुरू होने जा रही है। पहली हवाई सेवा भुवनेश्वर एयरपोर्ट से सुबह 10:45 बजे उड़ान भरेगी। यह दोपहर 12:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पर उतरेगी। इसी तरह दिन के 1:20 बजे जयपुर से रवाना होगी और 3:50 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। यह जानकारी सर्विस प्रोवाइडर इंडिया वन एयर ने दी है। टिकट बुकिंग के लिए एक्सक्लूसिव वेबसाइट indiaoneair.com लॉन्च की गयी है। उद्घाटन के मौके पर यात्रियों के लिए टिकट की कीमत महज 999 रुपये है। जीएसटी समेत प्रति टिकट की कीमत 1049 रुपये होगी। यह सीमित समय के लिए उपलब्ध होगा। इस विमान में 9 सीटें होंगी। शुक्रवार को पूर्त विभाग के मुख्यमंत्री तारा प्रसाद मिश्र ने जयपुर एयरपोर्ट का दौरा किया। विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। हालांकि, बीसीएएस की मंजूरी के बाद जयपुर हवाई अड्डे को 20 तारीख को डीजीसीए (डायरेक्टर जेनरल ऑफ सिभिली एवीएसएन) द्वारा लाइसेंस प्रदान किया गया था। इस संबंध में केंद्रीय नागरिक उड्डयन संयुक्त सचिव उषा पाढ़ी ने ट्वीट कर जानकारी दी।

10 किलो ब्राउन शुगर जब्त, छह गिरफ्तार

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बालेश्वर सहदेबखुंटा थाना पुलिस ने 10 किलो 600 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त किया। इस सफेद जहर को बालेश्वर जिले के फूलाड़ी क्षेत्र से जब्त किया गया था। जब्त ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत 11 करोड़ रुपये है। सफेद जहर का कारोबार करने के आरोप में मध्य प्रदेश के एक आरोपी समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूर्वांचल आईजी हिमांशु लाल और एसपी सुधांशु शेखर मिश्र ने जिला पुलिस कार्यालय में प्रेस वार्ता कर मीडिया को इसकी जानकारी दी। सारी ब्राउन शुगर असम और पश्चिम बंगाल सीमा से आ रही थी जो ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों को जाना था।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**